




राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ








वर्ष 06, अंक 320 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये रायपुर, शनिवार 11 जनवरी 2025 www.samaydarshan.in


## संक्षिप्त समाचार

### शंभू बॉर्डर पर किसान ने निगला जहर

**चंडीगढ़।** शंभू बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन में एक किसान ने सल्फास निगल लिया। किसान की पहचान रेशम सिंह (55) जिला तरनतारन पहूविंड के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक रेशम सिंह शंभू और खनौरी बॉर्डर पर 11 महीने से आंदोलन के बावजूद सरकार की तरफ से इसका समाधान न निकालने से नाराज था। अंतिम समाचार मिलने तक किसान की हालत गंभीर बनी हुई है। किसान रेशम सिंह को पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बॉर्डर पर मौजूद साथी किसानों ने बताया कि सुबह लंगर स्थल के पास ही किसान ने सल्फास निगला। जैसे ही इस बारे में किसानों को पता चला तो उन्हें तुरंत मौके पर प्राथमिक सहायता दी गई। इसके बाद उन्हें लेकर तुरंत अस्पताल के लिए रवाना हो गए।

### दिल्ली में केजरीवाल ताकतवर, देशद्रोही कहना ठीक नहीं-संजय राउत

**महाराष्ट्र।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की स्थिति को लेकर राजनीतिक दल असमंजस में हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ही प्रमुख दल हैं और दिल्ली में आम आदमी पार्टी की ताकत सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी अच्छे मार्जिन से जीत रही है और यह स्थिति पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए अहम है, जो उन्हें आगे चलकर उत्साहित करेगी। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी गठबंधन में हैं। वहीं, उन्होंने कांग्रेस नेता अजय माकन के अरविंद केजरीवाल को देशद्रोही बताने की निंदा की। कहा कि केजरीवाल को देशद्रोही करार देना ठीक नहीं है। हम इस बयान से सहमत नहीं हैं, क्योंकि केजरीवाल और आम आदमी पार्टी भी इंडिया ब्लॉक के सम्माननीय सदस्य हैं, जिसका नेतृत्व कांग्रेस कर रही है।

### मकान की छत के नीचे दबे पांच लोग चीख-पुकार

**पानीपत।** हरियाणा के पानीपत जिले में एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। बीती रात गांव बबैल में एक मकान की छत अचानक गिर गई, जिसमें परिवार के पांच लोग दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा रात करीब 2:30 बजे हुआ, जब पूरा परिवार कमरे में गहरी नींद में सो रहा था। जानकारी के अनुसार, गांव बबैल में एक पुराने मकान की छत अचानक गिर गई। उस समय कमरे में तीन लड़कियां, एक लड़का और उनकी मां सो रहे थे। छत गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के पड़ोसी तुरंत मकान की तरफ दौड़े। मलबे में दबे लोगों की चीख-पुकार से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के तुरंत बाद पड़ोसियों और स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य शुरू कर दिया। भारी मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

दुर्ग के नगपुरा में मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम संपन्न

# छत्तीसगढ़ में लाखों गरीबों के चेहरों पर संतोष और खुशी का भाव

- डबल इंजन की सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए कर रही है काम : श्री शिवराज सिंह चौहान

रायपुर/ संवाददाता

केन्द्रीय कृषि पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केन्द्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और राज्य में श्री विष्णु देव साय की डबल इंजन सरकार प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। वे आज दुर्ग जिले के नगपुरा में आयोजित मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के पैर पखार कर उनका अभिनंदन किया। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 लाख 3 हजार 384 नए आवासों की घोषणा की। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों को आवास का वादा किया था, जो आज साकार हो रहा है। उन्होंने बताया कि देशभर में गरीबों को पक्के घर देने के इस ऐतिहासिक प्रयास के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में अब तक 8 लाख 47 हजार मकान पहले ही स्वीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा इस योजना को और अधिक



समावेशी बनाने के लिए नई पात्रता मानदंड निर्धारित किया गया है, जिनमें अब अधिकतम आय सीमा बढ़ाकर 15,000 रुपये कर दी गई है। इसके अलावा जिनके पास ढाई एकड़ सिंचित भूमि या पांच एकड़ असिंचित भूमि है, वे भी अब इस योजना के तहत पात्र होंगे। हितग्राही अब स्वयं भी अपने आवास हेतु आवेदन और सर्वेक्षण कर सकते हैं।केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेती-किसानी को बढ़ावा देने की दिशा में अद्भुत काम हो रहे हैं। फसलों का उत्पादन बढ़ाने, खेती की लागत कम करने और फसल विविधिकरण पर जोर दिया जा रहा है। धान की नई-नई किस्में भी जारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान आ रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने करोड़ों आवासहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना आरंभ की थी। छत्तीसगढ़ में सुशासन की सरकार आई। डबल इंजन की सरकार बनी। हमने शपथ लेने के अगले ही दिन कैबिनेट की बैठक की और 18 लाख आवास स्वीकृत कर दिये। आज इस निर्णय से छत्तीसगढ़ के लाखों हितग्राहियों के चेहरे में संतोष नजर आता है।

### आवास योजना के लाभार्थियों का पांव पखार किया अभिनंदन

केंद्रीय कृषि तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज दुर्ग जिले के ग्राम नगपुरा में आयोजित मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जनमन योजना, नियद नेल्ला नार योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का पांव पखारकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री द्वय श्री अरूण साव और श्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम सहित अन्य अतिथियों ने भी आवास योजना के लाभार्थियों का पांव पखार कर अभिनंदन किया। केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज दुर्ग जिले के नगपुरा स्थित प्रसिद्ध जैन मंदिर में 23वें तीर्थंकर भगवान श्री पार्श्वनाथ की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

आतिशी का दावा

## रमेश बिधूड़ी को मुख्यमंत्री का फेस बनाएगी बीजेपी...

**नई दिल्ली।** 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी पर तीखा हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री आतिशी ने बड़ा दावा कर दिया है। आतिशी ने कहा कि आज पूरी दिल्ली 'गाली-गलौज' पार्टी से पूछ रही है कि उनका सीएम चेहरा कौन है। दिल्ली की जनता जानती है कि ,क्क को वोट देकर अरविंद केजरीवाल सीएम बनेंगे। लेकिन वे पूछ रहे हैं कि बीजेपी का सीएम चेहरा कौन होगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी की कोर कमेटी की बैठक चल रही है और आज शाम वे अपने संसदीय बोर्ड की बैठक करेंगे। आतिशी ने आगे दावा किया कि विश्वसनीय स्त्रोतों के माध्यम से,



हमने पाया है कि 'गाली-गलौज' पार्टी ने फैसला किया है कि उसका सीएम चेहरा वही नेता होगा जो सबसे ज्यादा गालियां देगा, जो कि रमेश बिधूड़ी हैं। अब अगर लोगों ने क्क्षक्क को वोट दिया और गलती से ये लोग जीत गए तो जनता को गाली देने वाले बिधूड़ी सीएम बनेंगे।

ट्रिपल मर्डर

## छग में जमीनी विवाद में हुई हिंसक झड़प,दबंगों ने पति-पत्नी और बेटे को पीट-पीटकर मार डाला....

सूरजपुर/ संवाददाता

प्रतापपुर थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान मां-बेटे की मौके पर मौत हो गई और पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल अंबिकापुर पहुंचने पर घायल पिता की भी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, जगन्नाथपुर के डूबकापारा में संयुक्त खाते की जमीन को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में विवाद चल रहा था। विवादित भूमि पर खेती करने उमेश टोप्पो, नरेश टोप्पो अपनी मां बसंती टोप्पो और पिता माघे टोप्पो के साथ पहुंचे थे। दोपहर करीब एक बजे माघे टोप्पो के रिश्ते में भाई के परिवार के छह से सात सदस्य भी मौके पर पहुंच गए। विवाद कुछ देर में हिंसक झड़प में बदल गया। दूसरे पक्ष ने माघे टोप्पो के परिवार पर टांगी और लाठियों से हमला कर दिया। हमले में बसंती टोप्पो (55) एवं नरेश टोप्पो (30) की मौके पर



मौत हो गई। दोनों मृतकों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं, माघे टोप्पो (57) गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले के दौरान उमेश टोप्पो ने भागकर जान बचाई और ग्रामीणों को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने पर खड़गवां चौकी प्रभारी योगेंद्र जायसवाल की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल माघे टोप्पो को इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के लिए रवाना किया। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल अंबिकापुर पहुंचने पर घायल माघे टोप्पो की भी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए हैं। प्रतापपुर से भी पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि विवादित जमीन जगन्नाथपुर कोल माइंस के सामने है। विवादित भूमि पर हमलावरों ने खेती करने से मना किया था। आहत परिवार खेती करने के लिए पहुंच गया तो विवाद हिंसक में बदल गया।

शरद पवार ने आरएसएस की जमकर की तारीफ

## संघ की मेहनत के कारण महाराष्ट्र में जीती भाजपा..

नई दिल्ली/ एजेंसी

राकांपा (सपा) प्रमुख शरद पवार ने अपनी विचारधारा के प्रति समर्पण के लिए आरएसएस की प्रशंसा की है और अपनी पार्टी से शाहू महाराज, महात्मा फुले, बीआर अंबेडकर और राजनीतिक दिग्गज यशवंतराव चव्हाण के प्रगतिशील विचारों के प्रति प्रतिबद्धता के साथ एक कार्यकर्ता आधार बनाने का आग्रह किया है। दक्षिण मुंबई में एक बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पास समर्पित



कैडर हैं जो हिंदुत्व संगठन की विचारधारा के प्रति अटूट निष्ठा दिखाते हैं और किसी भी कीमत पर अपने रास्ते से नहीं हटते हैं। सूत्रों के अनुसार, मुंबई में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, अनुभवी राजनेता ने कहा कि पिछले साल नवंबर के चुनावों में भाजपा की सफलता के पीछे आरएसएस की कार्य पद्धति और उसका आक्रामक हिंदुत्व अभियान प्रमुख स्तंभ थे, जहां पार्टी ने 149 सीटों पर चुनाव लड़कर 132 सीटें जीतीं। पवार, जिनकी पार्टी इंडिया ब्लॉक का हिस्सा है, ने 1957 में सफाए के बाद महाराष्ट्र में कांग्रेस के पुनरुद्धार को याद किया। उन्होंने असफलताओं का सामना करने के बावजूद 1962 और 1977 में पार्टी की जीत पर प्रकाश डाला। पवार ने कहा कि हमारे पास भी ऐसा कैडर बेस होना चाहिए जो छत्रपति शाहू महाराज, महात्मा फुले, बीआर अंबेडकर और यशवंतराव चव्हाण की विचारधारा के लिए प्रतिबद्ध हो।

### तेज रफ्तार बस और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर, चार लोगों की मौत


**चेन्नई।** तमिलनाडु के रानीपेट में गुरुवार को ट्रक और बस के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और 30 घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रानीपेट पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मंजूनाथ, कृष्णप्पा, शंकरन और सोमशे खरन के रूप में हुई है। घायलों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां तीन की हालत गंभीर बताई गई है। मृतकों के शव रानीपेट सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कर्नाटक राज्य परिवहन निगम केएस आरटीसी की बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

मुझे अपनी कोई परवाह नहीं-पीएम

## मेरी रिस्क लेने की क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं हुआ-मोदी

नई दिल्ली/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार किसी पॉडकास्ट में हिस्सा लिया है। जीरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामत ने पॉडकास्ट में उनसे बातचीत की। इस बातचीत में पीएम मोदी ने बताया कि उन्होंने अभी तक अपन जोखिम उठाने की क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने बताया कि उनके पास रिस्क लेने की क्षमता बहुत अधिक है। इसी के साथ उन्होंने उन्होंने एक किस्सा सुनाया। यह किस्सा उस समय का है जब पीएम मोदी आरएसएस में काम करते थे और गाड़ी चलाना



सीख रहे थे। ढलान देखकर उन्होंने गाड़ी का इंजन बंद कर दिया, क्योंकि उन्हें लगा कि ढलान में गाड़ी खुद ही नीचे चली जाएगी और इंजन बंद करने से पेट्रोल की बचट होगी। पीएम मोदी ने कहा, मुझे ज्ञान नहीं था, गाड़ी असंतुलित होने लगी और तेजी से नीचे की जाने लगी। मैं ब्रेक लगाने लगा, लेकिन गाड़ी का इंजन बंद था। मेरे बगल वालों को भी मालूम नहीं चला कि मैंने क्या किया।उन्होंने आगे बताया कि अनुभवों से सिखने का मौका मिलता है। अनुभवों से ही जिंदगी सवरती है। पीएम मोदी ने बताया कि उन्होंने कभी किसी कंफर्ट जोन में जिंदगी नहीं बिताई। हमेशा कंफर्ट जोन के बाहर ही रहे, इसलिए उन्हें मालूम है कि कहां कैसे जिंदगी गुजारनी है। उन्होंने खुद को कंफर्ट जोन के लिए अनफिट बताया। पीएम मोदी ने कहा, अगर एक उद्योगपति भी कंफर्ट जोन से बाहर नहीं आता है।

जातियों में बांटने वालों को लेनी चाहिए सीख

## यह सनातन के गौरव का महाकुंभ है-सीएम आदित्यनाथ योगी

प्रयागराज/ एजेसी

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में आकाशवाणी के एफएम रेडियो चैनल 'कुंभवाणी' का शुभारंभ किया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि महाकुंभ सनातन के गौरव का महाकुंभ है, जो लोग लोगों को जातियों में बांटना चाहते हैं, उन्हें देखना चाहिए कि कुंभ से जाति का भेद मिट जाता है। दुनिया भर से लोग यहां आ रहे हैं, प्रसार भारती ने न केवल महाकुंभ कार्यक्रम को पूरे दिन प्रसारित करने की तैयारी की है, बल्कि दूरदराज के इलाकों में भी धार्मिक उद्धरण दिए जाएंगे, इससे लोगों की आस्था बढ़ेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को सर्किट हाउस में महाकुंभ के अवसर पर प्रसार भारती के एफएम चैनल कुंभवाणी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने एफएम चैनल के सफल होने की आकांक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा विश्वास है कि यह एफएम चैनल न सिर्फ लोकप्रियता की नई ऊंचाई हासिल करेगा, बल्कि महाकुंभ को दूरदराज के उन गांवों तक भी ले जाएगा जहां लोग चाहकर भी यहां नहीं पहुंच पाते हैं।उन लोगों तक इन सुविधाओं के माध्यम से हम महाकुंभ की हर जानकारी पहुंचाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि दूर दराज में रहने वालों के लिए इस तरह का सजीव प्रसारण कर पाएंगे तो उनको भी सनातन गौरव के इस महासमागम को जानने, सुनने और आने वाली पीढ़ी को बताने का अवसर प्राप्त होगा। सीएम ने कुंभवाणी चैनल शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और



सूचना प्रसारण मंत्रालय व प्रसार भारती को भी धन्यवाद दिया। सीएम योगी ने कहा कि वास्तव में लोक परंपरा और लोक संस्कृति को आम जन तक पहुंचाने के लिए हमारे पास जो सबसे पहले माध्यम था वो आकाशवाणी ही था। मुझे याद है कि बचपन में हम आकाशवाणी के माध्यम से उस समय प्रसारित होने वाले रामचरित मानस की पंक्तियों को बड़े ध्यान से सुना करते थे। समय के अनुरूप तकनीक बढ़ी और लोगों ने विजुअल माध्यम से भी दूरदर्शन के माध्यम से सचित्र उन दृश्यों को देखना प्रारंभ किया। बाद में निजी क्षेत्र के भी कई चैनल आए, लेकिन समय की इस प्रतिस्पर्द्धा के अनुरूप खुद को तैयार करना और दूरदराज के क्षेत्रों में जहां पर कनेक्टिविटी के इश्यू होते हैं वहां पर बहुत सारी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए प्रसार भारती के एफएम चैनल ने 2013, 2019 और अब 2025 में भी कुम्भवाणी के नाम पर इस विशेष एफएम चैनल को शुरू करने की कार्यवाही प्रारंभ की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि सनातन गौरव और गर्व का एक महाआयोजन है, एक महासमागम है। जिसको सनातन धर्म के गौरव और गरिमा को देखना हो तो वो कुंभ का दर्शन करें, यहां आकर अवलोकन करे। जो लोग एक संकीर्ण दृष्टि से सनातन धर्म को देखते हैं।

### बरेली में जांच की जद में 100 वक्फ संपत्तियां, सीएम योगी के इस बयान के बाद खलबली

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान के बाद बरेली जिले की 100 वक्फसंपत्तियां छानबीन और पैमाइश के घेरे में आ गई हैं। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को आदेश का इंतजार है। माना जा रहा है कि जल्दी ही वक्फबोर्ड के आदेश आएगा और इसके बाद अधिकारी जिले की वक्फसंपत्तियों के अभिलेखों से संपत्तियों की पैमाइश करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा था कि वक्फके नाम पर जमीन कब्जा करने वालों के खिलाफकार्रवाई होगी। एक-एक इंच जमीन वापस ली जाएगी। इसी मामले में अब वक्फसंपत्तियों के बारे में पड़ताल होने के आसार हैं। जिले में वक्फकी करीब 3171 संपत्तियां है।

# किरंदुल कॉन्ट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में नववर्ष स्नेह मिलन समारोह

### एसोसिएशन द्वारा प्रत्येक नव वर्ष पर किया जाता कार्यक्रम का आयोजन




**दंतेवाड़ा किरंदुल।** एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में कार्यरत ठेकेदारों की संस्था किरंदुल कॉन्ट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 8 जनवरी बुधवार को एनएमडीसी के मंगल भवन मिलेनियम पार्क में नववर्ष स्नेह मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया सर्वप्रथम कार्यक्रम का संचालन कर रहे संस्था के पूर्व सचिव विप्लव मलिक ने अतिथियों के स्वागत के लिए मंच पर आमंत्रित किया

मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख संजीव साही ,मुख्य महाप्रबंधक वर्कस किशन आहूजा ,महाप्रबंधक उत्पादन राजा कुमार ,महाप्रबंधक खनन एस के कोचर ,कार्मिक प्रमुख बी के माधव, बन परिक्षेत्र अधिकारी आशुतोष मांडवा ,उप महाप्रबंधक कार्मिक के एल नागवेणी ,उप महाप्रबंधक यांत्रिकी बी सेल्वा कुमार ,श्रमिक संघ एस के एम एस के अध्यक्ष देवरायलु ,इंटक यूनियन के सचिव ए के सिंह , बी टी ओ ए अध्यक्ष तरुण प्रकाश सोनी ,पूर्व न पा अध्यक्ष मृणाल राय,थाना प्रभारी प्रहलाद साहू ,पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, एवं उपस्थित एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के विभिन्न विभागों अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर नव वर्ष के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।किरंदुल ठेकेदार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल सिंह ने स्वागत भाषण दिया । नववर्ष मिलन समारोह को एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही ,कार्मिक प्रमुख बी के माधव ,मुख्य महाप्रबंधक वर्कस किशन आहूजा ,श्रमिक संघ एस के एम एस के अध्यक्ष देवरायलु, इंटक यूनियन के सचिव ए के सिंह ने संबोधित करते हुए एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के निरंतर प्रगति और दिन प्रतिदिन किरंदुल परियोजना की रिकॉर्ड तोड़ उत्पादन की उपलब्धि पर स्थानीय ठेकेदारों की महती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए ठेकेदार संघ की भूरी भूरी प्रशंशा की कार्यक्रम के समापन भाषण में संस्था के सचिव हरिशंकर मुखर्जी ने कहा है कि हमारे किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के ठेकेदार साथियों की एनएमडीसी के प्रोडक्शन में महत्वपूर्ण भूमिका रहती है और हमारा कॉन्टैक्टर समाज के कल्याण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और आज के कार्यक्रम में हमारे एनएमडीसी अधिकारियों , जिला प्रशासन फॉरेस्ट विभाग, हर समाज के प्रमुख,ठेकेदार आज इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर नव वर्ष का स्नेह मिलन समारोह मना रहे हैं इस दौरान किरंदुल कॉन्ट्रेक्टर संघ के वरिष्ठ सदस्य के ए पापाचंद , शिशिर गुरु ,सुरेंदर नायर ,संजय सोनी , मनीष गुरु,मामा जी ,विपुल रॉय,रविंद्र सोनी , राजेंद्र सक्सेना,बाबू राव , मनोज सिंग,आज़ाद सक्सेना, जॉय वर्गिस,तपन दास, के ए एंथोनी, सुजीत पिल्लई, जी अमन ,नवीन राय,सलीम सिद्दीकी , नागेश, निताई पाल ,अमृत टंडन,विशेष रूप से मौजूद रहे।

## एनएमडीसी किरंदुल सीएसआर के अंतर्गत, मछली बीज वितरण




**किरंदुल :** एनएमडीसी लिमिटेड की महत्?वपूर्ण परियोजना बीआईओएम कॉम्?पलेक्?स, किरंदुल के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही के निर्देशन एवं उप महाप्रबंधक (कार्मिक) बी.के. माधव के मार्गदर्शन में एनएमडीसी प्रबंधन नैगम सामाजिक दायित्?व (सीएसआर) के तहत परियोजना के परिक्षेत्रीय विकास हेतु प्रतिबद्ध है। इसी के तहत एनएमडीसी प्रबंधन ने अपने आसपास के ग्रामवासियों के जीवन स्?तर और जीवन यापन हेतु आदिवासी किसानों की मांग पर सीएसआर के अन्?तर्गत मछली बीज वितरण ग्राम माहराहाउरनार, समलवार, अलनार, गुमियापाल, पिरनार, हिरोली, मदाड़ी/पेरपा, कोड़ेनार, पालनार, हितावर,गोंगपाल, कलेपाल एवं चोलनार के आदिवासी किसानों को किया गया। इस दौरान परियोजना प्रबंधन की ओर से विवेक कुमार रक्षा, प्रबंधक (सीएसआर) एवं एस.आर.गावडे,प्रबंधक (सिविल)/सीएसआर के साथ विभिन्?न ग्राम के सरपंच व ग्रामवासी उपस्थित थे। परियोजना प्रबंधन द्वारा स्?वरोजगार अवसर प्रदान करने के इस सराहनीय व प्रशंसनीय कार्यों का स्?थानीय आदिवासियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## चिरायु योजना झनेश्वरी के लिए वरदान साबित हुई, हृदय का हुआ सफल ऑपरेशन



**मुंगेली (समय दर्शन)** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चिरायु योजना झनेश्वरी महिलांग के लिए वरदान साबित हुई है। योजना के तहत विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम मानपुर आंगनबाड़ी की 04 वर्षीय बालिका झनेश्वरी के हृदय का सफल ऑपरेशन किया गया। 26 दिसंबर को चिरायु टीम द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान झनेश्वरी में जन्मजात हृदयरोग पाया गया। इसके पश्चात परिजनों की सहमति पर जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य जांच उपरांत सत्य साईं अस्पताल रायपुर में झनेश्वरी के हृदय का सफल ऑपरेशन किया गया। अब वह पूरी तरह स्वस्थ है।

गौरतलब है कि चिरायु टीम द्वारा शासन द्वारा स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चिरायु योजना का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में जिले में चिरायु टीम लगातार बच्चों के स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम अंतर्गत 0 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चे जो जन्मजात कटे-फटे होंठ, मोतियाबिंद, टेढ़े-मेढ़े हाथ पैर, श्रवण बाधा सहित विभिन्न प्रकार की बीमारी तथा विकृति पर नि:शुल्क उपचार होता है। कलेक्टर ने चिरायु टीम को ऐसे प्रकरणों पर तत्काल उपचार और सहायता शुरू करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को दिए हैं।

## सृष्टि के प्रथम पत्रकार नारद को केवल देवर्षि की उपाधि है, फिल्मो ने बिगाड़ा उनका स्वरूप- बालयोगी अरोड़ा

### बालयोगी विष्णु अरोड़ा जी कि हुई प्रेसवार्ता, पत्रकारो ने विज्ञान और अध्यात्म से जुड़े सवालो के पाए जवाब

### चौथे दिवस कथा हुई संपन्न, मन,चित्त,अंहकार और बुद्धि एवं सृष्टि रचना की सुनाई गई कथा



**भाटापारा:-** नागरिक ज्ञान यज्ञ समिति के द्वारा देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। संत बालयोगी का दर्जा प्राप्त कथावाचक पूज्य बालयोगी विष्णु अरोड़ा के द्वारा कथा गंगा प्रवाहित हो रही है। भाटापारा के बुद्धिजीवी पत्रकारों के साथ सतीश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल के निवास पर प्रेसवार्ता का आयोजन हुआ। कथावाचक अरोड़ा ने अपने कथा में संगीत का प्रयोग नही करने पर बताया कि संगीत कथाओ के उद्येश्यों को भटकाती है। संगीत का महत्व भजन के अंदर लेकिन कथाओं के लिए संगीत निराधार है, कथाओं में सगीत को मिश्रण मनोरंजन का साधन है। शास्त्रो में भागवत का समय और पक्ष तय है, लेकिन व्यक्तिगत कामनाओं की पूर्ति में इसका महत्व बढ़ जाता है लेकिन सार्वजनिक आयोजनो में जनकल्याण के लिए इसे व्यवस्थित करना पड़ता है। शास्त्रों में ऊंच-नीच की भावनाए नही है उसमें कर्मानुसार वर्ण व्यवस्था का उल्लेख मिलता है। पत्रकारों के इष्ट देवता नारद स्वरूप को हास्यात्मक, व्यग्यांत्मक एवं झगड़ा कराने वाला बनाने का खराब काम फिल्मो और समाज को तोड़ने वाली असामाजिक शक्तियों ने किया है, नारदजी के वृहद चरित्र को कोई समझ नही पाया बस ये समझ लिजिए की देवताओ के ऋषि की उपाधि केवल एक नारद जी को प्राप्त है जिन्हे देवर्षि कहा जाता है।

चतुर्थ दिवस आरंभ हुआ देवी चरित्र की कथा देवी कथा महापुराण का चौथे दिन की कथा प्रारंभ हुई जिसमें कथावाचक अरोड़ा ने श्रीमद भागवत को भक्ति और देवी पुराण को ज्ञान-शक्ति का पुराण बताया। योगचक्र, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार और त्रिदेव में निहित गुणों को वर्णित किया। सृष्टि रचना को मानवीय शरिर अंतर्सरचना के माध्यम से बताया। भगवती चरित्र बताते हुए मन को इंद्र, बुद्धि को ब्रम्हा, नेत्रों को चंद्रसूर्य, नारायण स्थान जैसे अध्यात्म और शरिर की संरचना को व्याख्त्मक किया।

## गांव और शहर की सरकार बनाने आम आदमी पार्टी करेगी जोर आजमाइश



**राजनांदगांव।** दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा स्थापित आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव और नगरी निकाय चुनाव में धमाकेदार जोर आजमाइश करने वाली है। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में सरपंच, पंच, जनपद पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य तथा नगरीय निकाय चुनाव में पार्षद नगर, पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष और महापौर जैसे पदों के लिए प्रत्याशी उतारने बैठकों का दौर पूरे जिलेभर में चल पड़ा है।

माना जा रहा है कि राजनांदगांव जिले में भाजपा और कांग्रेस की रीति-नीति से परेशान बड़ी संख्या में लोग आम आदमी पार्टी की तरफ डाइवर्ट हो सकते हैं, अगर ऐसा हुआ तो कई स्थापित चेहरे और कई नए चेहरे आम आदमी पार्टी को कम परिश्रम से ही मिल सकते हैं। वैसे भी आम आदमी पार्टी में कई पुराने कर्मठ कार्यकर्ता है, जो रणनीति बनाने में लगे हुए हैं, इससे ऐसा लग रहा है कि आम आदमी पार्टी चुनाव इलेक्शन फाइट करने से पहले ही कांग्रेस-बीजेपी को बड़ा नुकसान पहुंचा सकती है। राष्ट्रीय पार्टी घोषित हो जाने के बाद और दिल्ली में इस पार्टी की लंबे समय से सत्तासीन होकर जनहित कार्य रीति-नीति को देखते हुए लोग आकर्षित भी हो रहे हैं। इसी कड़ी में राजनांदगांव नगरी निकाय चुनाव और उसके बाद त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को देखते हुए जिला आम आदमी पार्टी की सक्रियता बैठकों का दौर चालू हो गया है। पार्टी अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ लगातार बैठक कर रही है। राजनांदगांव में 51 वार्ड में पार्षद और महापौर चुनाव लड़ने का मन बना चुकी है। राष्ट्रीय पार्टी घोषित होने के बाद आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पूरे छत्तीसगढ़ में अपने प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संगठन को मजबूत बनाने और विस्तार देने के साथ-साथ जनता के हितों में आवाज बुलंद करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को समझाइश दी गई। राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़ से लेकर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी चारों जिले के लोकसभा अध्यक्ष आम आदमी पार्टी के भूपेश तिवारी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू के निर्देश द्वारा राजनांदगांव लोकसभा एवं पूरे प्रदेश में लगातार बैठक जारी है।

बैठक में अशोक चौबे जिला कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार कमलेश स्वर्णकार, रमेश यादव, सर्वजीत भाटिया, लोमेश रामटेके, आरिफ खान, राजीव यादव, वरिष्ठ मेंबर राव, प्रभांशु खोब्रागढ़े, पवन पटवा, राहुल गजभिए आदि उपस्थित थे।

## ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जाँजगीर में विश्व हिंदी दिवस पर विशेष गतिविधि आयोजित




**जांजगीर समय दर्शन** //ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जाँजगीर में संस्था के संचालक श्री आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह जी के निर्देशन में दिनाँक-10 जनवरी 2025 को ''विश्व हिंदी दिवस'' मनाया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदी विभाग के प्रभारी शिक्षक श्रीमती आशा राठौर, हन्ना बंजारे, सरिता प्रधान और विजयलता राठौर द्वारा हिंदी भाषा के उत्थान, महत्व एवं प्रयोग विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। शिक्षिका श्रीमती हन्ना बंजारे द्वारा विश्व हिंदी दिवस और राष्ट्रीय हिंदी दिवस के महत्व एवं अंतर के विषय में सारगर्भित जानकारी प्रदान की गई। उनके द्वारा बताया गया कि इस वर्ष विश्व हिंदी दिवस का विषय एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज़ रखा गया है। जिसका उद्देश्य भाषाई और अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान के लिए हिंदी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देना है। साथ ही उन्होंने 10 जनवरी विश्व हिंदी दिवस एवं 14 सितंबर राष्ट्रीय हिंदी दिवस के मध्य अंतर को बताते हुए, कहा कि वर्ष 1975 में भारत की तात्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने पहले विश्व हिंदी सम्मेलन का उद्घाटन किया था। सम्मेलन में 30 देशों के 122 प्रतिनिधियों के साथ मुख्य अतिथि के रूप में मॉरीशस के प्रधानमंत्री सीवसागुर रामगुलाम ने भाग लिया। तब से भारत मॉरीशस, युनाइटेड किंगडम, त्रिनिदाद, टोबैगो और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे विभिन्न देशों में विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया गया। विशेष ध्यान देने वाली बात यह है कि पहला विश्व हिंदी दिवस पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह द्वारा 2006 में 10 जनवरी को मनाया गया था। इससे पहले विश्व हिंदी सम्मेलन के रूप मनाया जाता था। 14 सितंबर 1949 को निर्वाचक विधान सभा ने हिंदी को देवनागरी लिपि में संघ की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया। इसलिए विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी को और राष्ट्रीय हिंदी दिवस 14 सितंबर को मनाया जाता है। तत्पश्चात् श्रीमती आशा राठौर द्वारा कहा गया कि विश्व हिंदी दिवस के माध्यम से दुनिया भर में हिंदी भाषा का प्रचार-प्रसार होता है। हिंदी बहुत मीठी व सरल भाषा है जिसे अन्य देशों के लोग भी बोलना पसंद करते है। हिंदी भाषा के क्षेत्र को और व्यापक करने के लिए ही 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। साथ ही हिंदी साहित्य की एक विधा पहेली के माध्यम से उन्होनें विद्यार्थियों से कुछ पहेलियाँ पुछी जिसका जवाब छात्रों ने आनंद लेते हुए दिया। शिक्षिका श्रीमती सरिता प्रधान द्वारा अंग्रेजी के शब्दों का हिंदी में अर्थ पूछा गया। जो अलग-अलग श्रेणियों में कक्षावार बंटा हुआ था। कक्षा-पहली से बारहवीं तक के बच्चें उत्साहित होकर जवाब देते नज़र आए। साथ ही हिंदी भाषा में अं की मात्रा के महत्व के विषय में बताया। श्रीमती विजयलता राठौर द्वारा विश्व हिंदी दिवस की बधाई देते हुए, हिंदी भाषा के महत्व के विषय में बताया। विद्यार्थियों में मुख्य रूप से कक्षा-यू.के.जी की छात्रा अराधना प्रधान ने हिंदी में 1 से 20 तक की हिंदी गिनती वाचन किया, तथा कक्षा-दूसरी 'अ' की छात्रा भव्या खैरवार द्वारा 1 से 100 तक हिंदी गिनती वाचन किया गया। प्रार्थना सभा संचालन कक्षा-ग्यारहवीं की छात्राओं द्वारा शुद्ध हिंदी भाषा में पूर्ण कराया गया। हिंदी अध्यापिकाओं द्वारा विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा में हिंदी लेख लेखन, चित्रकला एवं स्लोग्न लेखन प्रतियोगिता अयोजित करायी गई। सम्पूर्ण गतिविधि के सफल संचालन में संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों, एडमिन स्टॉफ एवं ग्राउंड लेवल स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### शिशु संरक्षण माह आयोजन एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**दंतेवाड़ा दंतेवाड़ा।:** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके की अध्यक्षता में दंतेवाड़ा कार्यालय के सभा कक्ष में शिशु संरक्षण माह (21 जनवरी से 21 फरवरी 2025) के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में शिशु संरक्षण माह के निगरानी और कार्यक्रम गुणवत्ता के लिए न्यूट्रीशन इंटरनेशनल के सहयोग से बनाए गए विकल्प ऐप पर भी संभाग समन्वयक द्वारा ट्रेनिंग दिया गया । इस कार्यशाला में जिला मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी श्री अजय रामटेके, जिला टीकाकरण अधिकारी श्री सुभाशीष मंडल, न्यूट्रीशन इंटरनेशनल के संभाग समन्वयक प्रवीण साहू, और जिले के चारों खंड चिकित्सा अधिकारी, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी तथा विकास खंड कार्यक्रम प्रबंधक उपस्थित रहे। कार्यशाला में शिशु संरक्षण माह के दौरान होने वाली गतिविधियों, आवश्यक दिशा-निर्देशों और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय पर चर्चा की गई। इसका उद्देश्य बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण स्तर में सुधार लाना है, ताकि जिले में शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके और बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकें।कार्यशाला में जिलेभर के अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए और उन्हें इस अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रेरित किया गया।

### लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमले बर्दाश्त नहीं : भूपेश तिवारी



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के बस्तर (बीजापुर) अंचल में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या से पूरे पत्रकार भी आहत हैं। आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी ने इसे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला बताते हुए इसकी निंदा की है। साथ ही दोषियों के खिलाफ उचित कार्यवाही की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों पर आए दिन हमले हो रहे हैं यह बर्दाश्त नहीं होगा। श्री तिवारी ने आगे कहा कि गत दिनों बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या कर दी गई थी, उनकी हत्या करने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। प्रदेश में जल्द से जल्द पत्रकार सुरक्षा कानून भी लागू करने की मांग की गई। ज्ञात हो कि प्रदेश में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन को जन-जन तक पहुंचाने में पत्रकार अपनी महती भूमिका का सर्वथा निर्वहन कर रहे हैं, उसके बाद भी पत्रकार सुरक्षित नहीं है। गत दिनों जान जोखिम में डालकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करने वाले बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की कुछ लोगों ने निर्मम हत्या कर दी थी। सड़क निर्माण की पोल खोले जाने के कारण उनकी हत्या की गई थी। श्री चंद्राकर की निर्मम हत्या करने पर प्रदेश तथा देश के पत्रकारों में काफी आक्रोश व्याप्त है। श्री चंद्राकर की हत्या करने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग एवं पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग की गई हैं।

### गृह जिला से जिला शिक्षा अधिकारी बघेल को हटाने की हुई मांग

**राजनांदगांव।** अगामी स्थानीय चुनाव को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा ने गृह जिले में पदस्थ प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल को तत्काल हटाने की मांग कलेक्टर से की है। प्रेमनारायण वर्मा ने कलेक्टर को बंद लिफाफा में लिखित शिकायत कर यह बताया है कि प्रवास सिंह बघेल स्थानीय अधिकारी है, जिनका मूल गांव बागतराई है, इसलिए राजनांदगांव उनका गृह जिला है और वे शिक्षा विभाग के प्रमुख भी है। चुनाव में अधिकांश अमला शिक्षा विभाग से होता है, और प्रवास बघेल शिक्षा विभाग के प्रमुख और स्थानीय होने के नाते वे चुनाव को प्रभावित कर सकते है। चुनाव आयोग का भी यह निर्देश है कि चुनाव में अधिकारियों को उनके गृह जिले में पदस्थ नहीं किया जा सकता है। ऐसा आदेश माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने भी दिया है, इन्हीं सब बातों का उल्लेख करते हुए छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा ने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल को राजनांदगांव जिले से हटाने की मांग की है।

### साहित्यकार सुरेश चन्द्र सिंह के स्मृति में आज काव्यगोष्ठी का आयोजन

**दुर्ग ।** वरिष्ठ साहित्यकार एवं अविभाजित मध्यप्रदेश में कनिष्ठ सेवा चयन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष स्व. सुरेश चंद्र सिंह के जन्मदिन पर उनके स्मृति में आज 11 जनवरी को शाम 4 बजे सुराना कॉलेज के सभागार में काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकारों का सम्मान भी किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला न्यायालय के अधिवक्ता व नोटरी कौशल किशोर सिंह ने साहित्यकारों एवं साहित्य से जुड़े लोगों से काव्य गोष्ठी में शामिल होने की अपील की है।

**सार समाचार**

## घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर( समय दर्शन )।** न्यू शांति नगर सिविल लाइन में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी त्रिभुवन संगेवार 52 वर्ष न्यू शांतिनगर सिविल लाइन का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमवी 3868 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** तेलीबांधा और सिविल लाइन थाना पुलिस के टीम ने गांजा बेचते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 3 किलो 350 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने लाभांडी स्थित पुराना शराब दुकान के पास गांजा बेचते आरोपी दीपक बबलानी 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 3 किलो 10 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं सिविल लाइन पुलिस ने आक्सीजोन गार्डन के पास आरोपी सूरज बंजारे 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 250 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** दिनांक 08.01.2025 को थाना कबीर नगर पुलिस द्वारा दौरान पेट्रोलिंग के संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग किया जा रहा था इसी दरम्यान अटल आवास आदर्श चौक के पास एक व्यक्ति संदिग्ध दिखा जो पुलिस को देखकर छिप रहा था जिसे चेक किया गया जो अपने पास एक लोहे का धारदार चाकू छुपाकर रखे मिला था जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम राज ध्व पिता विष्णु ध्व उम्र 20 वर्ष पता ईडब्ल्यूएस क्वार्टर आदर्श चौक कबीर नगर रायपुर का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे से एक लोहे का धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना कबीर नगर में अपराध क्रमांक 05/2025 धारा 25 आर्म्स एक्ट अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। नाम आरोपी - राज ध्व पिता विष्णु ध्व उम्र 20 वर्ष पता ईडब्ल्यूएस क्वार्टर मकान नंबर 05 आदर्श चौक थाना कबीर नगर जिला रायपुर।

**संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य मध्य भारत और वैश्विक हितधारकों के बीच सार्थक सहयोग को बढ़ावा देना था**

# बागवानी से किसानों की आय बढ़ाने की अपार संभावनाएं : सांसद बृजमोहन




**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी में गुरुवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय बागवानी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य मध्य भारत और वैश्विक हितधारकों के बीच सार्थक सहयोग को बढ़ावा देना था, जो छत्तीसगढ़ की वैश्विक उद्यानिकी बाजार में स्थिति को मजबूत करने और नए विकास के अवसरों को सृजित करने में सहायक होगा। संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए सांसद बृजमोहन ने कहा कि पारंपरिक खेती के स्थान पर बागवानी को अपनाकर किसान अपनी आय को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बताया कि बागवानी में फल, फूल, और औषधीय पौधों की खेती न केवल किसानों को आर्थिक दृष्टि से सशक्त बनाती है, बल्कि कृषि भूमि का अधिकतम उपयोग भी सुनिश्चित करती है। उन्होंने यह भी बताया कि कृषि मंत्री रहते हुए उन्होंने किसानों को फल, फूल और सब्जी उगाने के लिए प्रोत्साहित किया था। इसका नतीजा है कि आज छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में विशेष फसलें जैसे मैनपाट में सेव, जशपुर में लीची, अंबिकापुर में नाशपाती और बस्तर में काजू की खेती हो रही है। उन्होंने बागवानी के लिए बाजार और कोल्ड स्टोरेज की सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर एस. जगदीसन, निदेशक, उद्यानिकी एवं फार्म फॉरेस्ट्री निदेशालय, ने कहा, छत्तीसगढ़ में उद्यानिकी और कृषि के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। यह संगोष्ठी इन संभावनाओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का एक असाधारण अवसर है। यह कार्यक्रम रा'य को उद्यानिकी क्षेत्र में अग्रणी के रूप में स्थापित करने में सहायक होगा।

# वन अधिकार अधिनियम के तहत मिली पट्टे की भूमि से बदली शोभितराम की किस्मत

### दो फसली खेती और सब्जी उत्पादन से आत्मनिर्भरता की ओर

**रायपुर( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ सरकार की वन अधिकार अधिनियम के तहत पट्टे पर मिली भूमि से महासमुंद जिले के ग्राम बैहाडीह निवासी श्री शोभितराम बरिहा के जीवन में बदलाव दिखाई देने लगा है। बिंझवार जाति से ताल्लुक रखने वाले श्री बरिहा वर्षों तक अपने कब्जे की जमीन पर खेती करते रहे, लेकिन वर्षा पर निर्भरता और संसाधनों की कमी के चलते बेहतर फसल उत्पादन न कर पाना और अपनी मेहनत से उपजायी फसल को औने-पौने दाम पर बेचने को मजबूर थे। उनकी सालाना आय मुश्किल से 25-30 हजार रुपये तक सीमित थी। लेकिन वन अधिकार अधिनियम के तहत काबिज भूमि का पट्टा मिलने के बाद उनकी जिंदगी ने नई दिशा ली। पट्टा मिलने के बाद शोभितराम ने जमीन का शासन की मनरेगा योजना के तहत सुधार और समतलीकरण हुआ, जिससे उनकी खेती अधिक उत्पादक हो गई। अब वे अपनी उपज को सरकारी धान उपार्जन केंद्रों समर्थन मूल्य पर बेचने के साथ ही शासन की ओर से मिलने वाली आदान सहायता का लाभ भी पाने लगे हैं। उनकी वार्षिक आय अब 60-70 हजार रुपये तक पहुंच गई है, जो पहले की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। वन अधिकार पट्टा ने शोभितराम को आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने का रास्ता दिखाया। ट्यूबवेल लगाकर उन्होंने सिंचाई की सुविधा सृजित की, जिससे अब वे साल में दोहरी फसल उपजा पा रहे हैं। ग्रीष्मकाल में गेहूं, सूरजमुखी और सब्जियों की खेती ने उनकी आय को और बढ़ा दिया। आर्थिक स्थिति सुधरने से उन्होंने अपने परिवार के लिए एक पक्का मकान बनवाया। इतना ही नहीं, उन्होंने एक नया ट्रैक्टर भी खरीदा, जो उनके कृषि कार्यों में सहायक होने के साथ-साथ किराये पर देकर आय का अतिरिक्त स्रोत बन गया है। वन अधिकार पट्टा मिलने से जीवन में आयी निश्चितता और स्थिरता ने न केवल शोभितराम की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर भी बनाया। उनके परिवार में अब खुशहाली है और वे अपने भविष्य को लेकर अधिक आशावान हैं। शोभितराम कहते हैं, वन अधिकार पट्टा मिलने के बाद मैंने अपनी जमीन पर पूरी तरह से मेहनत की। सरकार की योजनाओं और तकनीकी मदद से अब मुझे खेती से अच्छी आय हो रही है। इससे मैं अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने और अपने परिवार का जीवन बेहतर बनाने में सक्षम हुआ हूं।

# हाइवे में चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने किया जागरूक




### 5000 से अधिक दोपहिया वाहन चालकों ने हेलमेट पहनकर वाहन चलाने लिया संकल्प

**रायपुर( समय दर्शन )।** 36 वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के नौवे दिन यातायात पुलिस रायपुर द्वारा शहर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग में दोपहिया वाहन चालकों में हेलमेट धारण कर वाहन चलाने के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत हाइवे पर बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले लगभग 5000 से अधिक दोपहिया वाहन चालकों को रोककर हेलमेट धारण कर वाहन चलाने समझाइस दिया गया साथ ही दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट धारण करने संकल्प पत्र भरवाया गया। बता दे कि सड़क दुर्घटना के प्रकरणों का अवलोकन करने पर सबसे अधिक दुर्घटना दोपहिया वाहन के विरूद्ध घटित होना पाया गया है, जिसका प्रमुख कारण दोपहिया वाहन चालक द्वारा वाहन चालन के दौरान हेलमेट नही पहनने से सर में आई गंभीर चोट हो होना पाया गया जो कि गंभीर चिंता का विषय है। जिसे देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस रायपुर द्वारा शहर से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग में बिना हेलमेट वाहन चालन करने वाले दोपहिया वाहन चालकों को रोककर बिना हेलमेट वाहन नही चलाने के संबंध में समझाईस दिया गया।

# छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज का भव्य सम्मेलन 11 और 12 जनवरी को, प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता की अगुवाई में ऐतिहासिक आयोजन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज का ऐतिहासिक अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह 11 और 12 जनवरी को रायपुर में धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन की अगुवाई छत्तीसगढ़ शौण्डिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे, जबकि प्रो. राम अवतार महतो (अखिल भारतीय शौण्डिक संघ) अध्यक्षता करेंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, मंत्री श्री रामविचार नेताम, रायपुर के सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, श्री श्याम बिहारी जायसवाल मंत्री-लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा, शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन समेत समाज के कई गणमान्य व्यक्ति इस सम्मेलन में शामिल होंगे। शिवरतन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि यह सम्मेलन समाज की एकता, समृद्धि और योगदान को समर्पित है। इसमें समाज के सदस्य अपने विचारों और अनुभवों को साझा करेंगे। 12 जनवरी को समाज के उत्थान और दिशा पर परिचर्चा एवं चिंतन बैठक का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों और देश-विदेश से बड़ी संख्या में शौण्डिक समाज के लोग इस सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन में शौण्डिक रत्न अलंकरण समारोह भी आयोजित किया जा रहा है। समाज के उत्थान और दिशा पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में यह सम्मेलन शौण्डिक समाज के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विश्व हिन्दी दिवस की दी बधाई



**रायपुर( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के नागरिकों को 10 जनवरी विश्व हिन्दी दिवस की बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एक समाज की आत्मा होती है, जो उसकी पहचान और संस्कृति को प्रदर्शित करती है ।राष्ट्रभाषा हिन्दी से पूरी दुनिया में हमारी पहचान कायम होती है। यह हमें एकता के सूत्र में पिरोए रखती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हम सबका दायित्व है कि अपनी राष्ट्रभाषा हिन्दी का सम्मान बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करें। बच्चों को राष्ट्रभाषा के गौरव की कहानियां और संस्मरण बताएं और हिन्दी के प्रति रूचि विकसित करें। हिन्दी को राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित-प्रसारित करें, जिससे हिन्दी अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में लोकप्रिय बन सके। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विश्व हिंदी दिवस लोगों को हिन्दी के महत्व के प्रति न सिर्फ जागरूक करता है बल्कि हमारी भाषा और संस्कृति से जुड़ने और उसे सहेजने का विशेष अवसर भी देता है।

**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के लिए संगम क्षेत्र में व्यवस्थाओं और तैयारी कार्यों का निरीक्षण किया.**



## वन विभाग की बड़ी कार्रवाई 43 किलो स्केल्स बरामद

**रायपुर( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के वन विभाग ने एक बार फिर से वन्यजीव तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता हालिस की है। वनमंडल बस्तर, राज्यस्तरीय वन उड़नदस्ता रायपुर और वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई में 43 किलो पेंगोलिन स्केल्स (साल खपरी का छाल) जब्त किए हैं। वन्य तस्करों की धरपकड़ का यह अभियान वन मंत्री श्री केदार कश्यप और प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री श्रीनिवास राव के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर 7 जनवरी को किए गए छापों में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से पहला आरोपी, जेम्स मैथ्यू, जगदलपुर रेंज के ग्राम तेली मारेंगा का निवासी है, जिसके घर से 32 किलोग्राम पेंगोलिन स्केल्स बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपी ने लॉकडाउन के दौरान बीजापुर के अंदरूनी इलाकों से इन स्केल्स को एकत्र किया था और खरीदार की तलाश में था। दूसरी कार्रवाई चित्रकोट रेंज के मारडूम-बारसूर मार्ग पर हुई, जहां चुन्नीलाल बघेल और राजकुमार कुशवाहा को 11 किलो पेंगोलिन स्केल्स के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। हालांकि, इनके दो साथी जंगल का सहारा लेकर भागने में कामयाब रहे। फरार आरोपियों की तलाश जारी है। तस्करी में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने ली गृह विभाग की समीक्षा बैठक

**रायपुर( समय दर्शन )।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में महानदी भवन, मंत्रालय में गृह विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुवा, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। दिनभर चली इस मैराथन बैठक में उपमुख्यमंत्री शर्मा ने पुलिस विभाग के विभिन्न शाखाओं के कार्यों पर गहन चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जारी एसओपी के पालन को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और दोषी पाए जाने पर उनकी संपत्ति को तत्काल कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई पुलिस अधिकारी या कर्मचारी इस अवैध कारोबार में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ तुरंत



बर्खास्तगी सहित कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने पुलिस विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए नवीन स्थानांतरण नीति को तत्काल लागू करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानांतरण प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जाए, जिससे विभागीय कार्यक्षमता में सुधार हो सके। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने शहीद जवानों के परिवारों को प्राथमिकता देते हुए अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि शहीद हुए जवानों के अमर बलिदानी स्मारक का निर्माण उनकी परिवार की सहमति से प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि उनकी शहादत का सम्मान हर स्तर पर सुनिश्चित हो। चिटफंड कंपनियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाइयों की समीक्षा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी कंपनियों की शेष संपत्तियों की जल्द नीलामी की जाए और उससे प्राप्त राशि को प्रभावित निवेशकों के बीच शीघ्रता से वितरित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिटफंड घोटालों से प्रभावित प्रत्येक हितग्राही को न्याय सुनिश्चित किया जाए। तकनीकी और संरचनात्मक सुधारों पर भी विशेष ध्यान दिया गया। बैठक में 17 जिलों में डायल 112 सेवा के विस्तार, राज्य स्तरीय साइबर थाने की कार्यप्रणाली और साइबर अपराधों पर नियंत्रण को लेकर हुई प्रगति की समीक्षा की गई। मादक पदार्थों की तस्करी पर रोकथाम के लिए एनडीपीएस एक्ट के तहत किए गए अभियानों का आकलन किया गया। साथ ही पुलिस थानों के परिसीमन और नए थानों की स्थापना के प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। बैठक में उपमुख्यमंत्री शर्मा ने यातायात प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ब्लैक स्पॉट्स के चिन्हांकन और उनके समाधान की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने और नई तकनीकों के उपयोग पर बल दिया गया। उपमुख्यमंत्री ने स्कूलों में यातायात जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने पुलिस कर्मचारियों के कल्याण पर जोर देते हुए पुलिस पब्लिक स्कूलों की स्थापना, पुलिस आवास योजना और केपीकेबी कैंटीन की स्थिति की समीक्षा की। उपमुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के कार्यों को डिजिटाइजेशन के माध्यम से और अधिक पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रक्रियाओं और डाटा मैनेजमेंट को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनाई जा रही नई तकनीकों का अध्ययन करें और राज्य में लागू करने की योजना तैयार करें।

## संपादकीय

### होंडा और निसान के विलय

होंडा और निसान के विलय का फैसला विश्व कार बाजार के तेजी से बदले रूप की एक मिसाल है। बदलाव के कारण है- कार उपभोक्ताओं के बीच ईवी की बढ़ी मांग और ईवी के बाजार में चीनी कंपनियों का छा जाना। कभी होंडा और निसान कंपनियां कार बाजार का ज्यादा हिस्सा हासिल करने के लिए एक दूसरे से होड़ करती थीं। लेकिन अब इन दोनों जापानी कंपनियों ने आपस में विलय का एलान किया है। यह असाधारण घटना है। असल में यह विश्व कार बाजार के तेजी से बदले रूप की एक मिसाल है। इस परिवर्तन के दो प्रमुख आयाम है- कार उपभोक्ताओं के बीच इलेक्ट्रिक से चलने वाली कारों (ईवी) की तेजी से बढ़ी मांग और ईवी के बाजार में चीन की कंपनियों- खासकर बीवाईडी का छा जाना। पांच साल पहले शायद ही ये कोई सोचता था कि निम्न श्रेणी की मैनुफैक्चरिंग से आगे बढ़ते हुए चीन कार के बाजार पर भी अपना दबदबा बनने लगेगा। लेकिन आज ऐसा हो चुका है। इससे जर्मनी और जापान की कार निर्माता तमाम बड़ी कंपनियां अपने को दबाव में महसूस कर रही हैं। इन कंपनियों की महारत पेट्रोल/ डीजल/ गैस से चलने वाली कारों के निर्माण में रही है। मगर विश्व बाजार में ऐसी कारों की मांग तेजी से घटी है। ईवी के क्षेत्र में इन कंपनियों ने प्रगति की है, लेकिन कीमत के मोर्चे पर वे पिट रही हैं। चीनी कारें उनकी तुलना में इतनी सस्ती हैं कि स्वाभाविक रूप से खरीदार उनकी तरफ खिंच जाते हैं। नतीजतन, जर्मनी की कंपनी फॉक्सवागन की मुसीबत की खबरें सुर्खियों में रही हैं। यही हाल जापान और दक्षिण कोरियाई कंपनियों का है। चीन का बड़ा बाजार तेजी से उनके हाथ से निकला है। अमेरिका और यूरोप में आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी कर सरकारों ने उन कंपनियों की मदद की है, लेकिन यह काफी साबित नहीं हुआ है। विलय की रणनीति भी शायद नाकाफी ही हो। होंडा ने कहा है कि विलय का लाभ 2030 से पहले नहीं मिलेगा। लेकिन तब तक तकनीक और आगे निकल चुकी होगी। असल सवाल यह है कि मूल्य प्रतिस्पर्धा में चीनी कंपनियों को मिले लाभ का जवाब जब तक ये कंपनियां नहीं ढूंढतीं, ऐसे उपाय अपर्याप्त बने रहेंगे। अभी तो विलय प्रस्ताव को शेयर धारकों से मंजूरी दिलाने और विलय के परिणामस्वरूप श्रमिकों की छंटनी आदि जैसी बड़ी चुनौतियों से निपटना ही बाकी है।

## विमान हादसों से कई तरह के सवाल उठा

**रजनीश कपूर**

ताजा विमान हादसे ने दुनिया भर के हवाई यात्रियों और विमानन विशेषज्ञों के मन में एक बार फिर से कई तरह के सवाल उठा दिए हैं। क्या हवाई यात्रा प्रदान करने वाली एयरलाइन कंपनियाँ यात्री सुरक्षा के साथ समझौता तो नहीं कर रहे क्या विमान कंपनियों और एयरलाइंस पर निगाह रखने वाले नागरिक उड्डयन मंत्रालय व उसके अधीन विभाग यात्री सुरक्षा और विमानों के रख-रखाव में ढील तो नहीं बरत रहे ज् हर देश के नागरिक उड्डयन मंत्रालय को गंभीरता से ही लेना चाहिए। सन् 2024 के आखिरी सप्ताह में एक के बाद एक कई विमान हादसों की खबर आई। इनमें कई बेक़सूर लोगों ने अपनी जान भी गवाई। परंतु जब भी कोई विमान हादसा होता है संबंधित जाँच विभाग दुर्घटना के कारणों की जाँच में जुट जाते हैं। ज़ाहिर सी बात है कि हादसे के जाँच होना तो लाज़मी है। परंतु जब-जब विमान हादसे होते हैं और हादसों की जाँच की रिपोर्ट आती है, तो क्या वास्तव में इन रिपोर्टों से सबक़ लिए जाते हैं कि भविष्य में ऐसे हादसे न हों क्या विश्व भर के नागरिक उड्डयन मंत्रालय व उससे संबंधित विभाग और एयरलाइंस इन रिपोर्टों को गंभीरता से लेते हैं ताज़ा उदाहरण दक्षिण कोरिया के मुआन हवाई अड्डे पर हुए जेजु एयरलाइंस के हादसे का है। इस विमान में 179 यात्रियों और क्रू की दर्दनाक मौत हुई। दक्षिण कोरिया के एविएशन इतिहास में यह अब तक का सबसे बड़ा व दर्दनाक हादसा माना जा रहा है। इस हादसे के पीछे पक्षी टकराने का कारण माना जा रहा है। परंतु एविएशन के विशेषज्ञों के मुताबिक़ केवल पक्षी के टकराने से इतना बड़ा हादसा नहीं हो सकता। ग़ौरतलब है कि जहां-जहां भी एयरपोर्ट बनते हैं वहाँ पर इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि किसी भी तरह के पक्षियों का बसेरा न बन पाए। एयरपोर्ट की व्यवस्था में जुटे विभाग इस बात पर विशेष ध्यान देते हैं कि यदि किसी भी तरह के पक्षी एयरपोर्ट के आसपास दिखाई देते हैं तो वो न सिर्फ़ एटीसी को सावधान करते हैं बल्कि इस बात पर भी ध्यान देते हैं कि पक्षियों को वहाँ से दूर कैसे किया जाए। जेजु विमान हादसे का वीडियो देखने से यह बात स्पष्ट होती है कि विमान के लैंड होते समय विमान के लैंडिंग गियर खुल नहीं पाए। तेज़ गति के इस विमान को रनवे से फिसलते हुए एक कंक्रीट के ढाँचे में भिड़ते हुए देखा गया, जिस पर भी सवाल उठ रहे हैं। दुनिया भर के एविएशन विशेषज्ञों द्वारा एक अन्य कारण पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। उनका मानना है कि विमान के हाइड्रोलिक सिस्टम को उपयोग में नहीं लाया गया। उल्लेखनीय है कि ऐसे विमानों के डिज़ाइन में एक विशेषता है कि किसी भी आपात स्थिति में यदि विमान के हाइड्रोलिक सिस्टम काम नहीं करते हैं तो ऐसी स्थिति में पायलट के पास एक इमरजेंसी गियर भी होता है जिसकी मदद से विमान के लैंडिंग गियर को खोला जा सकता है। ऐसा क्या कारण था जो कि इस फ्लाइट के पायलट ने लैंडिंग गियर को नहीं खोल पाया। विमान की बात करें तो इस विमान में भी अन्य विमानों की तरह दो इंजन थे। यदि पक्षी के टकराने से एक इंजन फेल भी हो गया तो भी विमान के पास इतनी पॉवर होती है कि वह उसे सुरक्षित लैंड करवा सके। लेकिन ऐसा क्या हुआ और क्यों हुआ यह तो जाँच के बाद ही पता चलेगा। इस विमान हादसे ने दुनिया भर के हवाई यात्रियों और विमानन विशेषज्ञों के मन में एक बार फिर से कई तरह के सवाल उठा दिए हैं। क्या हवाई यात्रा प्रदान करने वाली एयरलाइन कंपनियाँ यात्री सुरक्षा के साथ समझौता तो नहीं कर रहे क्या विमान कंपनियों और एयरलाइंस पर निगाह रखने वाले नागरिक उड्डयन मंत्रालय व उसके अधीन विभाग यात्री सुरक्षा और विमानों के रख-रखाव में ढील तो नहीं बरत रहे मुनाफ़ा कमाने की मंशा से एयरलाइन कंपनियाँ यात्री सुरक्षा से संबंधित किए जाने वाली नियमित जाँच-परख को केवल औपचारिकता के तहत ही कर रहे हैं क्या एयरलाइन के पायलट अपनी निर्धारित ड्यूटी को ही निभा रहे है या तय समय से अधिक, बिना ज़रूरी विश्राम के विमान को उड़ा रहे हैं यदि इनमें से किसी भी एक सवाल का उत्तर हाँ' है तो यह एक गंभीर विषय है जिसे हर देश के नागरिक उड्डयन मंत्रालय को गंभीरता से ही लेना चाहिए।

# आखिर चुनावी रेवड़ी को परिभाषित करना इतना मुश्किल क्यों है?

**कमलेश पांडेय**

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 की घोषणा करते वक्त मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि 'चुनावी रेवड़ी' क्या है, इसे परिभाषित करना मुश्किल है। चूंकि इस मुद्दे पर आयोग के हाथ बंधे हुए हैं। इसलिए, कानूनी उत्तर ढूंढे जाएं।卐 हालांकि, उनकी इस साफगोई से हमारी संसद और हमारे संविधान के संरक्षक सुप्रीम कोर्ट, दोनों की जिम्मेदारी बढ़ चुकी है। वह यह कि वो जल्द से जल्द इस मसले पर व्याप्त कानूनी असमंजस को दूर करने के लिए एक नेक पहल करें। वहीं, अब तक ऐसा नहीं होना निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया पर एक गम्भीर सवालिया निशान छोड़ जाता है। क्योंकि जब इस मसले पर स्पष्ट नियमन होंगे तो इसका उल्लंघन करने वाले राजनीतिक दलों व उनके नेताओं को कानून के कठघरे में खड़ा किया जा सकेगा। हालांकि, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की बात से अब यह स्पष्ट हो चुका है कि आजादी और गणतंत्र बनने के इतने दशकों बाद भी हमारे सत्ता पक्ष या विपक्ष ने कभी इस मुद्दे पर स्पष्ट नियमन बनाने की पहल ही नहीं की, ताकि दुविधाजनक कानूनी परिस्थितियों से चुनावी लाभ उठाते रहा जाए।

जबकि, मीडिया में इस बारे में जब-तब बहस होती रहती है, और सर्वोच्च न्यायालय में भी इस बारे में कुछ जनहित दायर है, जिस पर दो टूक निर्णय की प्रतीक्षा देशवासियों को है। लेकिन वर्ष 2018 से अब तक इस पर स्पष्ट निर्णय नहीं हो पाया है। यह गम्भीर बात है, क्योंकि इससे इस अहम मसले पर राजनेताओं और सम्बन्धित पेशेवरों द्वारा जितने मुंह, उतनी बातें की जा रही हैं जिससे मतदाता भी असमंजस में हैं। इसके उलट जिन्हें फ्रीबीज यानी मुफ्त की चुनावी रेवड़ी का लाभ मिल रहा है, उनकी तो बल्ले बल्ले है। वहीं, जिन करदाताओं की जेबें तरह-तरह के टैक्स के माध्यम से हर रोज काटी जा रही हैं और सरकार प्रदत्त जनसुविधा भी नदारत या नाकाफी दिख रहीं हैं, उनके दिलोदिमाग में इस सियासी प्रवृत्ति को लेकर अनेक सवाल उठ रहे हैं।

वैसे तो सुप्रीम कोर्ट ने भी गत दिनों फ्रीबीज मामले पर सख्त टिप्पणी की और कहा कि राज्यों के पास उन लोगों को 'मुफ्त सौगात' देने के लिए पर्याप्त धन है, जो कोई काम नहीं करते। लेकिन जजों की सैलरी-पेंशन देने के लिए नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 卐राज्य के पास मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के लिए पैसे हैं, लेकिन जजों की सैलरी-पेंशन देने के लिए नहीं है। राज्य सरकारों के पास उन लोगों के लिए पूरा पैसा है, जो कुछ नहीं करते; लेकिन जब जजों की सैलरी की बात आती है तो वे वित्तीय संकट का बहाना बनाते हैं।

बता दें कि जस्टिस बी.आर. गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने यह मौखिक टिप्पणी उस समय की, जब अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ से जुड़ी एक याचिका के निपटारे के क्रम में अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने दलील दी कि सरकार को न्यायिक अधिकारियों के वेतन और सेवानिवृत्ति लाभों पर निर्णय लेते समय वित्तीय बाधाओं पर विचार करना होगा। तब सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की कि, राज्य के पास उन लोगों के लिए पैसा है जो कोई काम नहीं करते। चुनाव आते हैं, आप लाडली बहना और अन्य नयी योजनाएं घोषित करते हैं, जिसके तहत आप निश्चित राशि का भुगतान करते हैं। दिल्ली में अब आए दिन कोई न कोई पार्टी घोषणा कर रही है कि वे सत्ता में आने पर 2,500 रुपये देंगे।

उल्लेखनीय है कि शीर्ष अदालत ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को पेंशन के संबंध में अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ की ओर से 2015 में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। जबकि, अटार्नी जरनल आर वेंकटरमणि ने कहा कि वित्तीय बोझ की वास्तविक चिंताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले कहा था कि, 卐यह 'दयनीय' है कि उच्च न्यायालय के कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को 10,000 रुपये से 15,000 रुपये के बीच पेंशन मिल रही है।卐 यहां ध्यान देने वाली बात है कि सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है, जब दिल्ली चुनाव में फ्रीबीज की बहार है। आम आदमी पार्टी ने वादा किया है कि उसकी सरकार बनी तो महिलाओं को 2100 रुपए हर महीने मिलेंगे। जबकि कांग्रेस 2500 रुपए देने की बात कह रही है। वहीं, भाजपा भी इसी तरह का ऐलान जल्द करने वाली है।



उधर, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही पूरे दिल्ली में 'रेवड़ी पर चर्चा' अभियान की शुरूआत कर दी थी। इस मौके पर उन्होंने दो टूक कहा था कि जनता का पैसा, जनता की रेवड़ी, तो उस पर हक़ भी जनता का ही है। केजरीवाल ने कहा कि, 'पीएम मोदी ने कई बार कहा है कि केजरीवाल मुफ़्त की रेवड़ी दे रहे हैं और इसे बंद किया जाना चाहिए। जबकि केजरीवाल खुलेआम कह रहा है कि हम ये रेवड़ी दे रहे हैं। अब दिल्ली के लोगों को तय करना है कि उन्हें ये रेवड़ी चाहिए या नहीं। उन्होंने आगे चेताया कि, अगर बीजेपी जीतती है तो वे ये योजनाएं बंद कर देगी। क्योंकि बीजेपी ने अपने और अपने गठबंधन द्वारा शासित राज्यों में ये रेवड़ियां लागू नहीं की हैं। हालांकि उसकी कथनी और करनी में अंतर है। उन्होंने दो टूक कहा कि, ये मुफ़्त की रेवड़ी नहीं हैं बल्कि ये करदाताओं के पैसे से लागू की गई योजनाएं हैं।

वहीं, चुनाव आयोग ने भी इस मुद्दे पर कहा था कि, जिसे आप सामान्य भाषा में 'फ्रीबीज़' यानी मुफ़्त की चीज़ें कह रहे हैं, वे महामारी जैसे दौर में लोगों की जान बचा सकती हैं। हो सकता है एक वर्ग के लिए जो अतार्किक हो वो दूसरे वर्ग के लिए ज़रूरी हो।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक पार्टियों और मुफ़्त में सुविधाएं दिए जाने का ज़िक्र करते हुए एक बार कहा था कि, इस तरह के वादे करके वोटरों को लुभाना राष्ट्र निर्माण नहीं, बल्कि राष्ट्र को पीछे धकेलने की कोशिश है। अगर राजनीति में ही स्वार्थ होगा तो कोई भी आकर पेट्रोल-डीज़ल भी मुफ़्त देने की घोषणा कर सकता है। ऐसे क़दम हमारे बच्चों से उनका हक़ छीनेंगे। देश को आत्मनिर्भर बनने से रोकेंगे। ऐसी स्वार्थभरी नीतियों से देश के ईमानदार करदाता का बोझ भी बढ़ता ही जाएगा। ये नीति नहीं 'अनीति' है। ये राष्ट्रहित नहीं, ये राष्ट्र का अहित है।

एक बार पीएम मोदी ने बुंदेलखंड-एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करते हुए उत्तर प्रदेश के जालौन में तो यहां तक कह दिया था कि, आजकल हमारे देश में मुफ़्त की रेवड़ी बांटकर वोट बटोरने का कल्चर लाने की भरसक कोशिश हो रही है। ये रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत घातक है। रेवड़ी कल्चर वालों को लगता है कि जनता जनार्दन को मुफ़्त की रेवड़ी बांटकर उन्हें ख़रीद लेंगे। हमें मिलकर रेवड़ी कल्चर को देश की राजनीति से हटाना है।

वहीं, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि, कहा जा रहा है कि अगर सरकारें जनता को फ्री में सुविधाएं देंगी तो सरकारें कंगाल हो जाएंगी। देश के लिए बहुत आफ़त पैदा हो जाएगी। इन सारी फ्री की सुविधाओं को बंद किया जाए। इससे मन में एक शक पैदा होता है कि कहीं केंद्र सरकार की आर्थिक हालत बहुत ज़्यादा खराब तो नहीं हो गयी है। अचानक ऐसा क्या हो गया कि इन सारी चीजों को बंद करने, वापस लेने या इनका विरोध करने की स्थिति आ गई। इससे दो कदम आगे बढ़कर उन्होंने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार ने करोड़पति उद्योगपतियों के दस लाख करोड़ रुपए के कर्ज़ माफ़ किए थे। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा था कि, 卐 जब 2014 में केंद्र सरकार का बीस लाख करोड़ का बजट होता था। और आज केंद्र सरकार का बजट लगभग चालीस लाख करोड़ का है तो ये सारा पैसा जा कहां रहा है। इन्होंने बहुत अमीर लोग जो अरबपति हैं, उनके दस लाख करोड़ रुपये के कर्ज़े माफ़ कर दिए। अगर ये हज़ारों लाखों करोड़ों रुपये के कर्ज़े माफ़ नहीं किए जाते तो इन्हें खाने-पीने की चीज़ों पर टैक्स लगाने की ज़रूरत नहीं पड़ती। यहां पर यह भी उल्लेखनीय है कि एक बार कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल का जवाब ट्वीट किया था। जिसके अनुसार 2017 से लेकर 2022 के बीच बैंकों ने क़रीब 10 लाख करोड़ रुपये के कर्ज़ माफ़ किए हैं। तब उनका कहना था कि सरकार मध्यवर्ग के करदाताओं को लूट रही है। लिहाजा इसी का ज़िक्र अरविंद केजरीवाल ने भी किया था, जो सही है।

वहीं, चुनाव अभियानों में राजनीतिक पार्टियों के मुफ़्त चीज़ें और पैसे देने के वादों से संबंधित एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इसे 'एक गंभीर मुद्दा' बताया है। वर्ष 2022 में ही एक याचिका पर सुनवाई करते हुए तत्कालीन चीफ़ जस्टिस एनवी रमन्ना और जस्टिस कृष्ण मुरारी की बेंच ने कहा था कि- ये एक गंभीर मुद्दा है। जिन्हें ये मिल रहा है वो ज़रूरतमंद हैं और हम वेलफ़ेयर स्टेट हैं। कुछ टैक्सपेयर कह सकते हैं कि इसका इस्तेमाल विकास के लिए किया जाए। इसलिए ये गंभीर मुद्दा है। अर्थव्यवस्था को हो रहे नुकसान और वेलफ़ेयर में बैलेंस की ज़रूरत है। दोनों ही पक्षों को सुना जाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि इस बाबत जनहित याचिका दायर करने वाले बीजेपी नेता अश्विनी उपाध्याय ने गुज़ारिश की है कि केंद्र सरकार और चुनाव आयोग राजनीतिक पार्टियों के चुनावी घोषणापत्र को नियंत्रित करने और उनके वादों के लिए उन्हें ज़िम्मेदार ठहराने से जुड़ा क़ानून लाए और बिना सोच समझकर अतार्किक वादे करने वाली पार्टियों को बैन करे। उनका कहना है कि मुफ़्त चीज़ों की घोषणा करते वक़्त राजनीतिक पार्टियां सरकार पर पड़ रहे कर्ज़ के बोझ का ध्यान रखें और बताएं कि इसके लिए पैसा किसकी जेब से आ रहा है।

इस बारे में अश्विनी उपाध्याय ने बताया था कि, हमने कोर्ट से यही कहा है कि इस समय केंद्र और राज्य सरकारों पर 150 लाख करोड़ रुपये का कर्ज़ हो चुका है। अगर इसे नहीं रोका गया तो आने वाले समय में स्थिति बहुत ख़राब हो जाएगी। हमें न विश्व बैंक, न अमेरिका, न जापान कर्ज़ देगा। स्थिति नियंत्रण के बाहर हो जाएगी। केंद्र सरकार ने भी हमारी जनहित याचिका का समर्थन किया है और कहा है कि जन कल्याणकारी योजनाएं तो चलनी चाहिए लेकिन मुफ़्तखोरी की योजनाएं बंद होनी चाहिए। हमने अपनी ओर से सात सदस्यों की एक समिति का प्रस्ताव दिया है। यह समिति बताए कि मुफ़्तखोरी को कैसे रोका जाए और राज्यों पर जो कर्ज़ बढ़ रहा है, उसे कैसे कम किया जाए।

यूँ तो भारत में इससे पहले भी सब्सिडी के मुद्दे पर विचार-विमर्श होता रहा है। सब्सिडी के औचित्य आदि पर गंभीर चर्चाएं हुई हैं। लेकिन इस मुद्दे पर इस तरह राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप ने नए सुलगते हुए सवाल खड़े किए हैं। वह यह कि क्या मुफ़्त में चीजें या सेवाएं देना उचित है? क्योंकि राजनीतिक पार्टियां चुनाव जीतने के लिए मुफ़्त में चीज़ें या सुविधाएं देने का वादा हमेशा से करती रही हैं, लेकिन सवाल ये उठता है कि क्या ये किया जाना उचित है?

इस विषय पर राजनीतिक मामलों के जानकार बताते हैं कि जब आप वोट मांगने जाते हैं तो इस तरह की बातें कहनी होती हैं। लेकिन इसमें एक फ़र्क़ है कि सामान्य रूप से ये कहना कि हम सबका ध्यान रखेंगे और स्पेसिफ़िक रूप से कहना जैसे '15 लाख आएंगे और हम सबको दे देंगे।' उन्हें लगता है कि इस तरह स्पेसिफ़िक वादे करना ग़लत होता है। ये कहना भी ग़लत है कि हम जब आएंगे तो बिजली के बिल में दो या तीन रुपये माफ़ कर देंगे या बिलकुल ही ख़त्म कर देंगे। दरअसल, ये प्रवृत्ति किसी एक दल की नहीं है, बल्कि सभी दलों की होती है लेकिन ये प्रवृत्ति रुकनी चाहिए। अगर आप कुछ करना चाह रहे हैं तो उसके लिए भी नियम कानून होने चाहिए कि उसे किस तरह होना चाहिए। इसकी जवाबदेही भी होनी चाहिए।

लेकिन क्या जन कल्याणकारी योजनाओं और हाल ही में सामने आए टर्म 'मुफ़्त की रेवड़ी' को एक तरह देखा जा सकता है? इस सवाल पर जानकार बताते हैं कि एक ऐसा समाज जहां आर्थिक और सामाजिक समेत तमाम तरह की विषमताएं हैं। वहां सभी के लिए एक जैसा कदम नहीं उठाया जा सकता। ऐसे में वंचितों और शोषितों का कल्याण करना हर सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। लेकिन लोकतंत्र में अगर आपका काम बहुसंख्यक समाज को लाभांवित नहीं करेगा तो आप चुनकर नहीं आ सकते। ऐसे में ये कहा जाए है कि हमारी सरकार ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को ज़्यादा से ज़्यादा फ़ायदा पहुंचाएगी। यहां तक तो ठीक है। लेकिन धीरे-धीरे ये होने लगा है कि जनता से वादे करो और फिर भूल जाओ। ऐसे में पहले जो एक फुंसी थी, उसने अब कैंसर का रूप ले लिया है। इस प्रवृत्ति का नतीजा ये हुआ कि कहा जाने लगा कि हम फ्री बिजली देंगे। पानी देंगे। गैस देंगे, आदि आदि। बताइए कि कोई भी सरकार फ्री बिजली कैसे दे सकती है। आखिरकार पैसा टैक्सपेयर का है। और फ्री बिजली सबको क्यों मिलनी चाहिए...जो लोग बिजली ख़रीद सकते हैं, उन्हें फ्री में क्यों मिलनी चाहिए।

# दलित-आदिवासी उत्पीड़न की प्रयोगशाला बना मध्य प्रदेश

**कमलनाथ**

अगर देश के किसी गाँव में किसी व्यक्ति को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया जाता है तो समझ लीजिए वहाँ आज़ादी नहीं पहुँची। वह गाँव आज़ाद नहीं है। आज़ादी के कुछ वर्ष बाद देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लाल क़िले की प्राचीर से यह बात कही थी। और आज भी देश या प्रदेश के विकास का सबसे बड़ा पैमाना यही है कि किसी प्रदेश में दलितों और आदिवासियों की स्थिति कैसी है कहीं उनके ऊपर अत्याचार तो नहीं हो रहे हैं दुर्भाग्य से हम देखते हैं तो मध्य प्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल है जहाँ 20 वर्ष से भाजपा की सरकार है और जहाँ दलितों और आदिवासियों का सबसे अधिक उत्पीड़न हो रहा है।

इन अत्याचारों की मुख्य वजह यह है कि भारतीय जनता पार्टी का चरित्र ही दलित, आदिवासी और संविधान विरोधी है।

एक तरफ़ संसद में भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान करते हैं और दूसरी तरफ़ बीजेपी राज में दलितों को लाठियों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतारा जा रहा है। पुलिस कस्टडी में दलित आदिवासियों की मौत हो रही हैं। दलितों, आदिवासियों की कब्रगाह बना मध्यप्रदेश दलितों पर अत्याचार के मामले में तीसरे स्थान पर है। पिछले दिनों शिवपुरी जिले के इंदरगढ़ गांव का दिल दहला देने वाला वीडियो सामने आया, जहाँ दबंगों ने दलित नारद जाटव को पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। मध्य प्रदेश के देवास जिले में एक दलित बेटे की हत्या कर दी गई। इछावर में दलितों को मंदिर जाने से रोका गया। दलितों को आतंकित करने वाली ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। लेकिन सरकार चुप्पी साधे है। सतवास में दलित की हत्या पर सरकार मौन है। पिछले एक साल में प्रदेश में दलितों पर काफी अत्याचार हुए हैं। वह चाहे शिवपुरी की घटना हो या सागर की घटना हो। मध्यप्रदेश के सागर जिले के ग्राम बरोदिया नोनागिर में दलित युवती द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत से गुस्साए गुंडों ने युवती के भाई नितिन अहिरवार की पिछले वर्ष अगस्त माह में हत्या कर दी थी। हत्या में बीजेपी नेताओं की संलिप्तता सामने आई थी। पीड़ित परिवार समझौते के लिये तैयार नहीं हुआ तो दो दिन पूर्व पीड़िता के चाचा राजेंद्र अहिरवार की भी हत्या कर दी गई। मंदसौर जिले के एक गांव में एक महिला का पीछा करने के आरोप में दलित व्यक्ति को चेहरा काला करके, गले में जूतों की माला डालकर घुमाया गया। इन घटनाओं के बाद एक बार फिर साबित हो गया था कि प्रदेश में दलित वर्ग सुरक्षित नहीं है। यह दोनों घटनाएं तो सिर्फ ऐसी थी जो सुर्खियों में ज्यादा रहीं लेकिन ऐसी न जाने हजारों घटनाएं हैं जो रोज दलितों से साथ घट रही हैं। हम जानते हैं कि प्रदेश में दलित आदिवासियों की संख्या ज्यादा है। वे प्रदेश के बहुत बड़े क्षेत्र में निवासरत हैं। इन्हें भी आत्म सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। यह सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह उन्हें सुरक्षा प्रदान करें। लेकिन रोज आदिवासियों के शोषण की घटनाओं से तो यही लगता है कि भाजपा सरकार इन्हें अपना वर्ग मानती ही नहीं है।

अगर हम नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों को देखें तो प्रदेश में दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार के मामले में लगातार बढ़ोतरी हुई है। साल 2021 में प्रदेश में एससी/एसटी एक्ट के तहत 02 हज़ार 627 मामले दर्ज हुए थे। वहीं, दलितों पर अत्याचार के 07 हज़ार 214 मामले दर्ज किए गए।

ऐसे कई मामले सामने आए जो देश भर में चर्चा का विषय बने। इनमें सबसे ज़्यादा सीधी के पेशाब कांड को लोग जानते हैं। एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें भाजपा कार्यकर्ता प्रवेश शुक्ला एक आदिवासी व्यक्ति पर पेशाब कर रहा था। दलितों पर अत्याचार के कई दूसरे मामले भी सामने आए जब मध्यप्रदेश में दलित और आदिवासियों के साथ अत्याचार किया गया था। दलितों और आदिवासियों के लिए काम करने वाले लोगों का मानना है कि इस तरह से यदि इनकी अस्मिता और अधिकारों के साथ खिलवाड़ किया जाता रहा तो इनकी स्थिति और बदतर हो जाएगी। मध्य प्रदेश पहले ही महिला अत्याचार के मामलों के कारण शर्मसार होता रहा है।

एसटी क्राइम रेट में एनसीआरबी की रिपोर्ट

एनसीआरबी के आंकड़ों की बात करें तो साल 2022 में आदिवासियों के ऊपर हुए अत्याचारों के 2979 मामले सामने आए जो कि पिछले साल के क्राइम के मुकाबले में 13 फीसदी अधिक थे। इसमें तीन साल से प्रदेश टॉप पर बना हुआ है। 2,521 मामलों के साथ राजस्थान दूसरे और 742 मामलों के साथ महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर है। इन तीन सालों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।विजयपुर में विधानसभा उपचुनाव के दौरान आदिवासियों के घर जलाए गए। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की चीज बची ही नहीं है। राज्य में जो हत्याएं और यातनाएं हो रही हैं, उससे भारतीय जनता पार्टी का चेहरा बार-बार बेनकाब हो रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े कहते हैं कि पिछले तीन से चार साल में पांच लाख दलित और आदिवासी बहनें गायब हुई हैं।

देशभर में दर्ज हुए 10 हजार से अधिक मामले

देश भर में साल 2022 में एसटी के खिलाफ अपराध के कम से कम 10,064 मामले दर्ज किए गए, जो 14.3% की वार्षिक वृद्धि है। इसके साथ ही प्रदेश में इस केटेगरी में क्राइम रेश्यो साल 2021 में 8.4 फीसदी से बढ़कर साल 2022 में 9.6 हो गया है।

एससी अपराध की बात की जाए तो सामान्य चोट के 1607 मामलें और गंभीर चोट के 52 तो वहीं, हत्या के 61 मामले सामने आए है। देश का दुर्भाग्य है कि दलितों के साथ अपराध के मामलों में उच्च स्थान पर है। यह स्थिति तब है, जब प्रदेश में भाजपा पिछले 20 वर्षों से सत्ता में है। भाजपा का शासन दलित-विरोधी नीतियों और संविधान-विरोधी सोच का प्रत्यक्ष उदाहरण है। अत्याचारियों को सजा देने के बजाय उन्हें राजनीतिक संरक्षण दिया जाता है। यह लड़ाई अब केवल अन्याय के खिलाफ नहीं, बल्कि दलितों की गरिमा और उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए है। पूरी कांग्रेस पार्टी इन अत्याचारों के खिलाफ मजबूती से खड़ी है और हर दलित भाई-बहन को न्याय दिलाने के लिए हर संभव संघर्ष करेगी। न्याय की इस लड़ाई में कांग्रेस एक कदम भी पीछे नहीं हटेगी।

# साइबर अपराध पर एक्सिस बैंक का कार्यशाला



**गरियाबंद।** देश में साइबर अपराध के बढ़ते घटनाओं को लेकर नगर के एक्सिस बैंक द्वारा होटल रेसिडेंसी में कार्यशाला का आयोजन किया गया।अयोजित इस कार्यशाला में एसडीआपी पुलिस निशा सिंहा,जिला पंचायत से अभिषेक पाठक,बैंक का हेड कलस्टर आनंद राव ऋषि मोहन व स्मृत सोरी अतिथि के रूप में शामिल हुए।इस दौरान कार्यक्रम में आए बैंक के अधिकारी कर्मचारी और नगर के गणमान्य नागरिकों को साइबर अपराध के बारे में जागरूक करते हुए हेड कलस्टर आनंद राव और ऋषि मोहन ने बताया कि आज के युग में मोबाइल लोगो के लिए बहुत ज्यादा आवश्यक हो गया है,वही मोबाइल का उपयोग आधुनिकता के साथ कार्य को आसान और जल्दी करने के लिए बनाया गया है, लेकिन इस मोबाइल के माध्यम से फ्रॉड का अपराध भी बढ़ गया है।जो साइबर अपराध कहा जाता है।इसके माध्यम से फर्जी और अपराधिक लोग अपने आप को किसी भी बैंक का अधिकारी या कर्मचारी बताकर सीधे सादे लोगो को किसी लोन देने का झांसा देकर लॉगिंग करने की बात कहकर उनके खाते की राशि को हड़प कर जाते है।हमें उनकी बातो में न आके सीधा बैंक जाना चाहिए,साथ गूगल से नंबर न ले क्योंकि गुगल में शेयर किए सभी फॉर्मेलिटी पूरा वायरल हो जाता है और फ्रॉड लोग आसानी से पूरी जानकारी प्राप्त कर लेते है।वही बैंक में दिए गए सभी फॉर्मेलिटी सुरक्षित होता है।साथ आज के समय में इलेक्ट्रॉनिक बिल के नाम से,नौकरी लगने,इनाम देने,राशि डबल करने का झांसा देकर ज्यादा फ्रॉड हो रहा है उससे हमें सतर्क रहना है।

वही कार्यशाला में अतिथि के रूप में आए एसडीओपी निशा सिंहा ने कहा कि घर बैठे पैसा कमाना,फेक लोन,जॉब ऑफर,सी पी वही नंबर नहीं बताना,फेस बुक में दोस्ती स्वीकार नहीं करना चाहिए।आज के समय में बिना जानपहचान वाला वीडियो कॉल से सभी को बचना जरूरी है,क्योंकि विडियो कॉल करके नए नए तरीके से लोगो को ब्लैक मेल करके नकली पुलिस बनकर डिजिटल एरेस्ट करने की धमकी दिया जाता है,जबकि पुलिस नियम में डिजीटल गिरफ्तारी का नियम ही नहीं बना है।वही उन्होंने बताया कि कोई भी अपराध के बाद एफआईआर दर्ज करके ही कानूनी प्रक्रिया जारी होता है।हमे फ्रॉड से बचना,बैंक डिटेल किसी भी अंजान को नहीं देना है,किसी को भी ओटीपी देने से बचना,किसी भी अनजान एप में डिटेल फॉर्मेलिटी न डाले,अननोन नंबर का रिसीव न करे खासकर वीडियो कॉल,घर बैठे राशि कमाने की झांसा देकर सदस्य बनाने वालो से बच्चे,फ्रॉड होने पर तत्काल नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराने की अपील किए।कार्यक्रम का संचालन स्मृत सोरी,मैक्स लाइव इंश्योरेंस हेड के द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### जवाहर नवोदय विद्यालय अंतर्गत कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 18 जनवरी को

#### परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण हेतु पर्यवेक्षक एवं उड़नदस्ता नियुक्त

**महासमुंद (समय दर्शन)।** जवाहर नवोदय विद्यालय अंतर्गत कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा शनिवार 18 जनवरी को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक रखा गया है। चयन परीक्षा जिले के सभी विकासखंडों में 30 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी। जिसमें जिले से 7925 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण एवं परीक्षा केन्द्र तक गोपनीय सामग्री अभिरक्षा में सुरक्षित परिवहन के लिए पर्यवेक्षक, उड़नदस्ता नियुक्त किया है। जिसमें प्रत्येक विकासखण्ड के तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार पर्यवेक्षक एवं उड़नदस्ता होंगे। बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत 5 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसमें 1417 परीक्षार्थी शामिल होंगें। इसी तरह बसना अंतर्गत 6 परीक्षा केन्द्रों में 1598 परीक्षार्थी, पिथौरा अंतर्गत 6 परीक्षा केन्द्रों में 1459, महासमुंद अंतर्गत 7 परीक्षा केन्द्रों में 1827 एवं सरायपाली अंतर्गत 6 परीक्षा केन्द्रों 1624 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 : वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम के थीम पर

#### 25 जनवरी को मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**महासमुंद (समय दर्शन)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 15 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025, आगामी 25 जनवरी को वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम के थीम पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता के महत्व को उजागर करने के लिए विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोग द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने के निर्देश जारी किए हैं। इसके अंतर्गत वाद-विवाद, परिचर्चा, क्विज, रंगोली, लघु नाट्य, गायन, पेंटिंग और निबंध लेखन जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। 25 जनवरी को समस्त शासकीय विभागों में प्रातः 11:00 बजे या यथोचित समय में अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई जाएगी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 के लिए आयोग द्वारा निर्धारित आधिकारिक लोगो का उपयोग कार्यालय की स्टेशनरी, वेबसाइट, और मर्चेंडाइज पर किया जा सकता है। साथ ही, इस आयोजन से संबंधित फोटोग्राफी और गतिविधियों को ष्टद्धद्धक्ष2025 हैशटैग के साथ आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया है।

### शासकीय हाई स्कूल सिंघोड़ा में नेवता भोज का आयोजन



**सरायपाली( समय दर्शन)।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी एन दीवान एवं बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत बच्चों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए नेवता भोज का आयोजन किया जा रहा है।जिसके अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल सिंघोड़ा में विज्ञान सहायक शीशुपाल बिशी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चों को पूर्ण नेवता भोज में चावल,दाल, सब्जी,पूड़ी,मिक्चर,पापड़ पौष्टिक भोजन खिलाया गया। स्वादिष्ट भोजन ग्रहण कर बच्चे प्रसन्न हो गये। विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुजूर ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जन्मदिवस, शादी एवं शुभ अवसरों पर नेवता भोज देने का आग्रह किया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक सच्चिदानंद भोई रत्तिलाल पटेल, कुन्ती चौहान, साकेत प्रधान, राम प्रसाद कलेत उपस्थित थे।

# महासमुंद जिला पंचायत में हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

## 60 कर्मचारियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, 5 का बना आयुष्मान कार्ड



**महासमुंद, ( समय दर्शन )।** जिला पंचायत महासमुंद में आज एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक ने स्वयं स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। शिविर में स्टाफ के 60 कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें एनडीसी जांच, एचबी टेस्ट, सिकल सेल जांच सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए।

स्वास्थ्य परीक्षण के बाद आवश्यक दवाइयों का नि:शुल्क वितरण भी किया गया। इस दौरान पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में 5 पात्र हितग्राहियों, जिनमें किशन परमार, उमेश कुमार ध्रुव, दिनेश कुमार वर्मा, विकास साहू और अमित पैकरा के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। चिकित्सा अधिकारी डॉ. तोयेश चन्द्राकर के नेतृत्व में स्वास्थ्य टीम ने शिविर में मौजूद लोगों का परीक्षण किया।

# विश्व हिंदी दिवस के अवसर में हिंदी स्लोगन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**गरियाबंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय फुलकर्रा में आज विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक गरियाबंद शाखा द्वारा हिंदी स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया।जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चंचल निषाद कक्षा सातवीं से द्वितीय स्थान पूरब देवांगन कक्षा आठवीं से तृतीय स्थान सुनिधि कंवर एवं दामिनी देवांगन कक्षा सातवीं को छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक गरियाबंद शाखा द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक दीपक टांडेकर, उमेंद्र गुप्ता अधिकारी, प्रेम साहू एफ़एलसी, युवान लाल सोनेंद्र प्रधान पाठक सहित शिक्षकगण जोहान राम दीवान अनीता मेश्राम, कविता बुझेकर उपस्थित रहे।

# कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पॉलीटेक्निक कॉलेज का किया औचक निरीक्षण



**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज गरियाबंद स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कॉलेज में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षणार्थियों को दिये जा रहे कौशल ट्रेनिंग का अवलोकन किया। कलेक्टर ने प्रशिक्षणार्थियों से उनके ट्रेड,टेऊनी संख्या,उपस्थिति, शिक्षकों की उपलब्धता, टेऊेनिंग अवधि,आवश्यक उपकरण एवं पढ़ाई की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली।उन्होंने ऑफिस असिस्टेंट,सिलाई मशीन ऑपरेटर एवं टेलरिंग ट्रेड की कक्षाओं में जाकर दिये जा रहे प्रशिक्षण का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही विद्यार्थियों से रहने की व्यवस्था, भोजन एवं नास्ता आदि की भी जानकारी ली। साथ ही भोजन व्यवस्था भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान सभी ट्रेनी विद्यार्थियों की शत प्रतिशत मौजूदगी सुनिश्चित करते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण तरीके से प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिये। उन्होंने इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बनाये जा रहे परिधान एवं अन्य सामग्रियों का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने पर्याप्त मात्रा में आवश्यक उपकरण एवं सामग्रियों की भी उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही कुछ सिलाई मशीनों में आ रहे तकनीकी खराबियों को तत्काल सुधरवाने के भी निर्देश दिये।इस दौरान संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा सहित लाईवलीहुड कॉलेज की सहायक संचालक सृष्टि मिश्रा मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य, शिक्षा, सुपोषण एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में करें बेहतर काम - कलेक्टर श्री अग्रवाल

## नीति आयोग के आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम अंतर्गत बैठक आयोजित



**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के संबंध में समीक्षा बैठक ली उन्होंने आकांक्षी ब्लॉक अंतर्गत चयनित गरियाबंद एवं मैनपुर विकासखण्ड में हितग्राहीमूलक एवं विकास कार्यो के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने नीति आयोग द्वारा जारी किये जाने वाले डेल्टा रैंकिंग में जिले के बेहतर स्थान के लिए स्वास्थ्य,शिक्षा,सुपोषण,कृषि,पेय जल एवं सामाजिक विकास आदि क्षेत्रों में बेहतर काम करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने कहा कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित किये गये मानकों का शत प्रतिशत क्रियान्वयन कर हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। जिससे योजनाओं का सेचुरेशन की पूर्णता होगी। साथ ही लोगों को विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ मिल पायेगा। नीति आयोग द्वारा विभिन्न मानकों के तहत देश के 500 ब्लॉकों की रैंकिंग की जाती है। इसमें मैनपुर ब्लॉक में दिये गये मानक अनुसार योजनाओं का सेचुरेशन किया जा चुका है।कलेक्टर ने गरियाबंद ब्लॉक में भी सभी क्षेत्रों में बेहतर काम करके देश के आकांक्षी ब्लॉक रैंकिंग में नाम शामिल करवाने के लिए बेहतर प्रयास करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में जनपद पंचायत सीईओ,कृषि,स्वास्थ्य,पीएचई, महिला एवं बाल विकास विभाग,पशु पालन विभाग,लीड बैंक, एनआरएलएम एवं शिक्षा विभाग के अधिकारीगण सहित नीति आयोग के समन्वयक मौजूद रहे।

# कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली बीईओ एवं बीआरसी की समीक्षा बैठक

## स्कूलों में सभी शिक्षक समय पर उपस्थित रहे, आरटीई के तहत पात्र बच्चों को प्रवेश न देने पर निजी स्कूलों की होगी मान्यता रद्द - कलेक्टर श्री लंगेह



**महासमुंद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने अपार आईडी निर्माण की समीक्षा करते हुए उसकी प्रगति की जानकारी ली तथा आईडी निर्माण तेजी से पूरा करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी एन.के. सिन्हा, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा उपस्थित थे।

कलेक्टर ने पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आ रही कठिनाइयों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को पात्रता रखने वाले प्रत्येक बच्चों के जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री लंगेह ने बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) परिवारों के पात्र बच्चों को आरटीई (शिक्षा का अधिकार अधिनियम) के तहत निजी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि कोई भी पात्र बच्चे इस योजना से वंचित न रहे। साथ ही, उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों की पहचान कर आवश्यक दस्तावेज़ों के आधार पर उनका प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि आरटीई के अंतर्गत जो पात्र बच्चे प्रवेश नहीं ले पाए है बीईओ और बीआरसी द्वारा व्यक्तिगत रुचि लेकर उनके पालकों से जानकारी ले और इसकी जांच करें। यदि निजी स्कूल पात्र बच्चों को प्रवेश दिलाने में आनाकानी करता है या प्रवेश दिलाने के लिए कोई मांग करता है तो इस स्थिति में संबंधित संस्था की मान्यता रद्द की जाएगी।

कलेक्टर श्री लंगेह ने विकासखंडवार अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम के संबंध में जानकारी ली। कक्षा दसवीं और कक्षा 12वीं के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए चर्चा की। उन्होंने आगामी परीक्षाओ में बेहतर परिणाम की तैयारी हेतु विशेष प्रयास कर अमल करते हुए बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन परीक्षाओं में जिन बच्चो के प्राप्तांक कम है। उन बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए कमियों की समीक्षा कर कार्ययोजना बनाकर बच्चों को मार्गदर्शन दिया जाये। बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए स्कूलों में पालकों की भागीदारी बढ़ानी होगी। प्रत्येक माह पालक शिक्षक बैठक नियमित रूप से आयोजित किया जाए। परीक्षा के पहले पालकों को परीक्षा की जानकारी दे और उन्हें घर में मॉनिटरिंग करने की जिम्मेदारी भी देवें।

कलेक्टर लंगेह ने कहा कि सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, संकुल समन्वयक अपने संकुल अंतर्गत आने वाली शालाओं को नियमित अवलोकन करें। छात्र-छात्राओं की पढ़ाई की समीक्षा करें, पढ़ाई में कोताही न बरतें। उन्होंने मध्यान्ह भोजन, शिक्षा गुणवत्ता आदि पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होंने स्कूलों में विद्यार्थी सूचकांक प्रत्येक कक्षा में नाम सहित चस्पा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों की दर्ज संख्या विरुद्ध उपस्थित बच्चों की संख्यात्मक जानकारी लेते हुए कहा कि शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए शिक्षक बच्चों के पालकों से भी नियमित संवाद करें और बच्चों की शिक्षा से उन्हें अवगत कराते हुए बच्चों को नियमित स्कूल भेजने प्रेरित करें। उन्होंने शिक्षकों की उपस्थिति को भी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में कक्षा दसवीं और कक्षा 12वीं के अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम पर चर्चा की गई। जिसमें परीक्षा परिणाम का पांच वर्गों के अनुसार समीक्षा की गई। इनमें ई श्रेणी वाले विद्यालय की संख्या 04 है, डी श्रेणी वाले शालाओं की संख्या 07, सी श्रेणी वाले विद्यालयों की संख्या 64 एवं बी श्रेणी वाले 85 और ए श्रेणी वाले 25 विद्यालय शामिल है। ई श्रेणी वाले विद्यालय के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिया गया इसी क्रम में समस्त बीईओ को सी, डी और ई श्रेणी के विद्यालयों के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए विशेष रणनीति बनाकर परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि सभी शिक्षक समय पर स्कूल आएं और अपना कोर्स पूरा करें। स्कूल में किसी भी तरह की नशाखोरी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जानकारी मिलने पर सीधे सस्पेंड किए जायेंगे। शिक्षकों द्वारा अवकाश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य है। सभी स्कूलों में शौचालय, कक्षा एवं स्कूल परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने कहा गया।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक ने बसना एवं बागबाहरा बीआरसी और बीईओ को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों से अधिक से अधिक संवाद करने की आवश्यकता है। प्राचार्य भी बच्चों से सीधे संवाद कर उनकी परेशानियों को समझ कर हल करने का प्रयास करें।

# डंकी से देश और डमी से छत्तीसगढ़ की कट रही नाका

**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** गलत तरीके से किसी देश में प्रवेश करने वाले को डंकी कहा जाता है। अमेरिका और कनाडा में भारत से नियम विरुद्ध तरीके से गए हजारों स्त्री पुरुष इस खिताब से पहचाने जाते हैं। विश्व गुरु की प्रतिष्ठा को गहरा धक्का लगता है। और डमी छात्र का खेल छत्तीसगढ़ में शिक्षा व्यवस्था की प्रतिष्ठा को आघात पहुंचा रहा है।

अमेरिका में गैर कानूनी प्रवेश पर एक करोड़ तक खर्च हो जाता है, सफलता असफलता की कोई गारंटी नहीं इसी तरह सीबीएसई मान्यता वाले बिलासपुर वाले स्कूल में डमी छात्रों का व्यवसाय करोड़ों में है। 1350 डमी छात्र मात्र दो स्कूल में मिल गए। विश्वसनीय सूत्रों ने दिल्ली की टीम की छापे के बाद इसे माना है। एक डमी ऐडमिशन 50 से 75 हजार रुपए की फीस पर होता है तो यह आंकड़ा शिक्षा जगत की वह कई तस्वीर बताता है जहां 500 के नोट शैक्षणिक सत्र के आरंभिक 3 महीने में ही बरस जाते हैं।

केंद्र ने कोचिंग संस्थानों के लिए संचालन के नियम घोषित किए हैं बच्चा पकडैया का फंदा कोचिंग के विज्ञापन में ही दिखाई देता है। केंद्र का निर्देश कहता है दसवीं के पूर्व कोई कोचिंग नहीं विज्ञापन कहता है पांचवी सातवीं से 12वीं तक कोचिंग की व्यवस्था इसका बस चले तो केजी 1, केजी 2 में प्रवेश करने वाले छात्रों के माता-पिता को इंटरव्यू कोर्स फेस करने कि कोचिंग भी खोल ले।

कोटा राजस्थान में जब केंद्र के कोचिंग संचालन नियम शक्ति से लागू हुई तो शिकारी (कोचिंग) भाग कर छत्तीसगढ़ में पनाह ले रहे हैं। और बच्चा पकड़ैया जाल फेंक रहे हैं। निजी स्कूलों से सत्र की अंतिम पीटीएम में भवन के बाहर ही कोचिंग के मार्केटिंग डकैत (एजेंट) पर्चा लेकर खड़े हैं वह भी क्या करें पकोड़ा उद्योग फेल है तो बच्चा पकड़ैया उद्योग की नौकरी कर ली। कोचिंग में अवस्था न हो के नाम पर कुछ ने तो बाउंसर भी रख लिए।

दैनिक अखबारों को विज्ञापन का शहर इतना मीठा लगता है कि वे कोचिंग के दिशा निर्देशों की अवहेलना करने वाले विज्ञापन प्राप्त करने के लिए जी तोड़ मेहनत करते हैं। एलन, प्रयास, आचार्य, आकाश, कोर, फिजिक्स, प्रीमियम, बाईवेंट, ऑक्सीडेशन, टावरी, अग्रवाल, वर्मा किसी का भी विज्ञापन उठाकर देख ले।

हाल ही में छत्तीसगढ़ मान्यता वाले स्कूल ड्रीमलैंड की मान्यता रद्द हुई हमारी मुख्य शिकायत डमी एडमिशन पर स्कूलों के नाम के साथ जिला शिक्षा अधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री, राज्यपाल तक है। शिक्षा विभाग हमसे सबूत मांगता है फैक्ट शिक्षा विभाग के दफ्तर में ही है। जब वे भवन निरीक्षण करते हैं एक कमरे में अधिकतम छात्र संख्या तय है तो उसे अनुपात से चार गुना अधिक छात्रों का प्रवेश अपने आप बताता है कि स्कूल में छात्र डमी है। दसवीं के प्रवेश की संख्या के 3-4 गुना से अधिक छात्र 11वीं 12वीं में है। तो स्पष्ट समझ आता है कि वहां छात्र संख्या डमी है। पर शिक्षा विभाग के होशियार अधिकारी अपने दफ्तर में मौजूद आंकड़ों को ना देख कर शिकायतकर्ता से सबूत मांगते हैं। इससे लगता है की डमी के करोड़ वाले धंधे में अमृत के छिपे (रिश्वत) शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर भी बरसते हैं।

डमी एडमिशन कोचिंग और स्कूल की आपसी दोस्ती का परिणाम है कुछ निजी स्कूल जो इस खेल में शामिल नहीं है उनके संचालक स्वयं इन सब गोरख धंधे को समझते हैं पर संघ की सदस्यता उन्हें चुप कर देती है। हाल ही में एक प्रशासनिक अधिकारी ने मिशन अस्पताल रोड स्थित एक स्कूल में किसी कारण प्रवेश किया वे चर्चा में बताते हैं कि भवन के अंदर तो क्लास रूम इतना छोटा हो गया है कि उसे देखकर तो मानती पूरे भवन का मूल नक्शा ही बदल गया। अब शिक्षा का भवन कोई मंदिर थोड़ी ना है वह तो कल कारखाना है और उसे लगने वाला उद्योगपति।

# जिला मुंगेली थाना सरगांव क्षेत्र अंतर्गत कुसुम प्लांट हादसे में फंसे व्यक्तियों का बचाव हेतु राहत कार्य जारी



### पीड़ित मृतक के परिजनों की रिपोर्ट पर प्लांट के मैनेजर,प्रबंधक, इंचार्ज के विरुद्ध अपराध दर्ज

**मुंगेली ( समय दर्शन )**जिला मुंगेली थाना सरगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामबोड़ स्थित कुसुम स्मेल्टर्स प्राईवेट लिमिटेड पॉवर प्लांट में दिनांक 09.01.2024 को दोपहर करीब 01 बजकर 09 मिनट में प्लांट में रखे भारी सैलो ( भंडारण टैंक) अचानक गिरने से 04 व्यक्ति (प्लांट कर्मचारी) सैलो की चपेट में आने से नीचे दब गए है सूचना पर जिला कलेक्टर राहुल देव (भा.प्र.से.) एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल (भा.पु.से.) के द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए सूचना उपरांत तत्काल कुसुम पॉवर प्लांट पहुंचकर घटना स्थल का स्वयं जायजा लेकर त्वरित पुलिस टीम, रेस्क्यू टीम, स्वास्थ्य विभाग, शासन प्रशासन के समस्त अधिकारी कर्मचारी को राहत कार्य में लगाया गया है, मौके में 01 व्यक्ति को रेस्क्यू किया गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जो ईलाज के दौरान डॉक्टरों की टीम द्वारा मृत्यु होने की पुष्टि किया गया है, जिसका नाम मनोज कुमार घृतलहरे पिता चेनाराम उम्र 30 वर्ष साकिन अमेरी अकबरी (दगोरी) जिला बिलासपुर छ.ग. है आरोपीगण के द्वारा सेलों टैंक में लापरवाहीपूर्वक क्षमता से अधिक मात्रा में माल भरना पाए जाने से सेलों टैंक के टूटकर गिरने से पीड़ित मनोज घृतलहरे को आई चोट से इलाज दौरान मृत्यु होना पाए जाने से व पीड़ित के परिजन मामा की रिपोर्ट पर आरोपीगण 1.कुसुम प्लांट का ऑपरेशन मैनेजर अनिल प्रसाद 2. इंचार्ज अमित केडिया 3.प्रबंधक एवं अन्य प्रबंधक एवं अन्य पता रामबोड़ कुसुम प्लांट सरगांव के विरुद्ध अपराध क्रमांक 02/25 धारा 106(1),289,3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया प्रकरण में विवेचना जारी है, तत्काल में फंसे हुए मजदूरों का रेस्क्यु ऑपरेशन चलाया जा रहा है, टैंक के अंदर गर्म साइल होने से राहत दल के द्वारा गैस कटर से टैंक को काटकर जेसीबी पोकलेन के माध्यम से गर्म साइल को बाहर निकाला गया, टैंक को उठाने के लिए बाहर से हाईड्रो क्रेन मंगाया गया है व रेस्क्यू हेतु केन, जेसीबी, फायर ब्रिगेड राहत के उपकरण संसाधन लाए गए है, शीघ्र ही रेस्क्यू ऑपरेशन कर फंसे हुए मजदूरों को निकाला जायेगा, मौके पर जिला कलेक्टर राहुल देव, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल व जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय के द्वारा लगातार घटना रेस्क्यु हेतु नजर बनाए हुए है। फंसे हुए मजदूरों को बाहर निकालने पश्चात् ही उनका पहचान किया जा सकता है। मौके पर जिला प्रशासन व पुलिस टीम, एनडीआरएफ की टीम सभी राहत कार्य में लगे हुए है।

# अनमोल कंस्ट्रक्शन के मृत कर्मचारी की पत्नी को दिया गया बीमा राशि



**होमन सिंह ठाकुर समय दर्शन नंदिनी अहिवारा।** विदित हो कि दिनांक 31/12/24 दिन मंगलवार को अनमोल कंस्ट्रक्शन डामर प्लांट (बानबरद) के अंदर ग्राम पोटिया निवासी अशोक कुमार कोसरे की कार्य अवधि के दौरान हादसे में मृत्यु हो गई थी। कंपनी प्रबंधन के द्वारा परिवारजनों को हाईवा गाड़ी से दबकर मौत होने की सूचना दी गई। कंपनी प्रबंधन के द्वारा परिवारजनों को 50000 की मामूली रकम दे कर मामले को दबा दिया गया7 जिससे असंतुष्ट होकर परिवारजनों ने मदद हेतु जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से गुहार (लिखित आवेदन) लगाई थी ।

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने त्वरीत कार्यवाही की और कंपनी प्रबंधन के ऊपर दबाव बनाया जिसके परिणाम स्वरूप कंपनी प्रबंधन और मालिक बातचित करने आये और दुर्घटना बीमा की राशि जब तक मृतक की पत्नी के खाते में नहीं आ जाती तब तक कंपनी प्रबंधन हर महीने 10000/- रुपए पेंशन देगा7 यह बात कंपनी प्रबंधन और मालिक ने ह्यह्लड्डह्व इकरारनामा में लिख कर दिया7 निर्णय से परिवार संतुष्ट हुए और कौशल साहू (जिला उपाध्यक्ष) जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी दुरुग ग्रामीण, धर्मेंद्र साहू (जिला उपाध्यक्ष) छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना भिलाई नगर ,आशुतोष साहू (अध्यक्ष) छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना अहिवारा नगर के पदाधिकारियो और सेनानियों को बहुत बहुत धन्यवाद दिया ।।

# जिला पंचायत सीईओ ने ली पीएम आवास और मनरेगा के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

### निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के दिए निर्देश



**जांजगीर-चांपा समय दर्शन //** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गोकुल रावटे ने जिला पंचायत सभाकक्ष में शुक्रवार को महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत प्रगतिरत एवं पूर्ण आवासों की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने समय सीमा में आवासों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में मैदानी अमलों को मनरेगा एवं पीएम आवास के हितग्राहियों से लगातार संपर्क करने के भी सीईओ ने निर्देश दिए। बैठक में जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी, विकासखंड समन्वयक पीएमएवाय, तकनीकी सहायक उपस्थित रहे। जिला पंचायत सीईओ श्री रावटे ने कहा कि महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से कृषि कार्यों को प्राथमिकता के साथ किया जाए और मनरेगा के माध्यम से मानव दिवस का लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसको समय सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने सभी गांवों में कार्यों को प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में हो रहे निर्माण कार्यों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियो को कार्यों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

# लोक सभा के स्पीकर श्री ओम बिरला ने कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के दृष्टिकोण की सराहना की

**रायपुर।** लोक सभा के माननीय स्पीकर श्री ओम बिरला ने 100 साल पुराने रिवरसाईड स्टुडियो ट्रस्ट को कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने वाले सर्वश्रेष्ठ इंटरनेशनल सेंटर में बदलने के लिए वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के दृष्टिकोण की सराहना की। थेम्स नदी के उत्तरी किनारे पर स्थित विश्वविख्यात ग्लोबल सेंटर ऑफआर्ट्स में सभा को सम्बोधित करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि यह स्टुडियो दुनिया भर के कलाकारों एवं परफोर्मर्स को प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगा। विभिन्न महाद्वीपों में कला, संस्कृति एवं इनोवेशन को एक दूसरे के साथ जोड़ने के प्रयास में वेदांता ग्रुप के संस्थापक एवं चेयरमैन अनिल अग्रवाल अब इस आइकोनिक रिवरसाईड स्टुडियोज़ के मालिक होंगे। 'मैं श्री अग्रवाल को धन्यवाद देना चाहूंगा, जो इतने प्रतिष्ठित मंच पर कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रहे हैं। दुनिया भर के कलाकारों को अब लंदन के इस सेंटर से संस्कृति एवं कला के प्रदर्शन का अवसर मिलेगा।' श्री बिरला ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा, ''रिवरसाईड स्टुडियोज़ ट्रस्ट इन कलाकारों की प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए विश्वस्तरीय मंच की भूमिका निभाएगा।' श्री बिरला ने कला, संस्कृति एवं इनोवेशन के संयोजन के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने वाले प्रतीक के रूप में रिवरसाईड स्टुडियोज़ की सराहना की। इस अवसर पर आभार व्यक्त करते हुए वेदांता के चेयरमैन श्री अनिल अग्रवाल ने कहा, ''रिवरसाईड स्टुडियोज़ में श्री ओम बिरला का स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। उनका दृष्टिकोण और नेतृत्व हमें न सिर्फआर्थिक साझेदारियों बल्कि हमारी साझा सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के माध्यम से भारत एवं यूके के संबंधों को और मजबूत बनाने की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है।' लोक सभा के माननीय स्पीकर ने शिक्षा, महिला सशक्तीकरण और बच्चों के समग्र विकास की दिशा में वेदांता के अग्रणी प्रयासों की भी सराहना की।

# ज्ञानोदय के विद्यार्थियो ने कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी मे दिखाई अपनी प्रतिभा




**जांजगीर समय दर्शन** //ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर मे कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमे कक्षा नर्सरी से बारहवीं अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियो ने चल और अचल दोनो प्रकार के कला , विज्ञान , सामाजिक विज्ञान , गणित , क्राफ्ट और नवाचारो से संबंधित विभिन्न प्रादर्शो का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेश यादव के निर्देशन मे हुआ । इस अवसर पर उन्होने सभी प्रतिभागियो को शुभकामनाए देते हुए कहा कि कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन करने का मकसद विद्यार्थियो मे विज्ञान विषय के प्रति रूचि पैदा करना होता है , इससे विद्यार्थियो मे प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी विकास होता है । वरिष्ठ शिक्षक मूलचन्द साव ने भी इस अवसर पर कहा कि आज विज्ञान का युग है, छात्र जीवन मे वैज्ञानिक सोच, अभिरुचि , जागरूकता को विकसित करने मे विज्ञान प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान होता है । प्रभारी शिक्षक पुष्पेन्द्र राजनाथ और प्रिया कोसरे ने सभी प्रतिभागियो का उत्साहवर्धन करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। प्रदर्शनी मे विभिन्न मॉडलो का अवलोकन करते हुए मूल्यांकन का कार्य ज्ञानोदय शिक्षा महाविद्यालय के छात्राध्यापक बसंत कुमार , मधु कमलेश, केशरी शिक्षा महाविद्यालय के छात्राध्यापक प्रमोद कुमार मार्बल, अंजली ध्रुव , केशरी फर्मेसी कालेज के गुलशन पटेल और पल्लवी कुर्रे ने किया । पालको , शिक्षक- शिक्षिकाओ , शिक्षा महाविद्यालय के छात्राध्यापको , स्कूल के छात्र- छात्राओ ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छात्र छात्राओ द्वारा बनाए गए मॉडलो की प्रशंसा करते हुए उत्साह बढाया। कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी मे कक्षा के जी वन के प्रिन्स कारके ने ज्ञानोदय स्कूल का मॉडल, स्नेहा पटेल राइस मिल , कीर्ती यादव हाउस , श्रृष्टि बरेठ हाउस ट्री , के जी टू के जीविका चौहान वाइल्ड एनिमल, परिधी धीवर वाइन्ड मिल, अनन्या राठौर फार्मिंग , पूर्वी यादव कूलर , हिमांशु यादव वाटर फिल्टर , आर्यन राठौर डे नाइट , कुसुम सूर्यवंशी स्कूल , पुष्पेन्द्र प्लांट हिन्दी माध्यम के कक्षा पहली के सौम्या लदेर मिट्टी के खिलौने , कक्षा दूसरी के भूमि राठौर घर , नेहा धीवर कुंआ ,
कक्षा तीसरी के गीतिका यादव और गौरव यादव वाटर फिल्टर , शिवांगी यादव और योगिता कश्यप घर , सिमरन सूर्यवंशी कूलर , अंश कारके ज्वालामुखी लावा , कक्षा चौथी के अंकित राठौर घर , डिकेश रोहिदास बैटरी से जलने वाला लाइट , कक्षा पांचवी के गौतम यादव , राघवेन्द्र यादव पवन चक्की , प्रतीक गुरनानी , लक्की यादव सोलर पैनल , साक्षी, साधना , रोशनी , श्रुति बरेठ घर , भूमि लाठिया , हिमांशी फेफड़ा , तोसिया देवांगन वायुमंडल , कक्षा छठवी के संस्कृति चौहान ज्वालामुखी , शिखा यादव श्वसन नली , ज्ञानदिव्य राठौर ए टी एम , अविनाश रिषभ , एकलव्य वाटर प्यूरीफायर , कक्षा सातवी के शुभम राठौर , अभिनव पवनचक्की , प्रन्स यादव , प्रियांश कारकेल चलित चन्द्रयान थ्री , कक्षा आठवी के भावना देवांगन, मयूरी गुरनानी, चित्रांशी यादव जल संरक्षण , युवराज , आयुष पाल ऊर्जा रूपांतरण ,कक्षा दसवीं के रेशमा कश्यप, याशिका देवांगन, साधना कौशिक , सोमी अली, तानिया रौतिया चलित चन्द्रयान थ्री ,कक्षा ग्यारहवीं के भूमिका राठौर ग्रीनहाउस , भावना यादव , जिया सूर्यवंशी, रूपा जल चक्र, लक्की साहू , सूरज , उमंग , तरूण देवांगन , अंकूर राठौर टेसला क्वाइल ,कक्षा बारहवीं के नारायण रोहिदास, प्रवीण कारकेल वैक्यूम क्लीनर , भूमिका यादव, शुभलक्ष्मी निराला मानव शरीर , अपशा परवीन त्रिकोणमितीय उद्यान , इसी प्रकार अंग्रेजी माध्यम के क्लास वन के समर यादव पार्ट्स आफ प्लांट, तनुज हंसराज चन्द्र यान रॉकेट, अराधना यादव , दिव्या जगत हाउस, क्लास टू के चहक सूर्यवंशी, विजय लक्ष्मी चौरसिया स्वच्छ भारत, शिवांश कारकेल वाटर साइकल, अंकुश कुमार ए टी एम , क्लास थ्री के अभय यादव कालोनी, अनन्या सूर्गे , चार्वी धीवर, सौम्या राठौर हाउस, मो आदिल खान माइक्रोस्कोप, आकांक्षा गढेवाल हास्पिटल, अराध्या निर्मलकर ए टी एम, जीविका श्रीवास रेस्पीरेटरी सिस्टम, क्लास फोर के विपिन प्रधान सोलर पैनल , संस्कृति कोसले , अंकित यादव, सन्नी, शिवम यादव आर्यन यादव वाइन्ड मिल , अंशी राठौर रिनेबल एनर्जी ,अर्नीका यादव वाटर फिल्टर , विधि ताम्रकार प्लेनेट क्लास फाइल के नीधि ताम्रकार, मुबारकसा, फातिमा , मोनिशा रौतिया शिवांगी यादव, हिना यादव सोलर सिस्टम, तौसिफ खान ,मो आहिल, तमन्ना यादव वोल्केनो , क्लास सिक्स के श्रृष्टि निराला, श्रेया कोसले, वैष्नवी राठौर चन्द्रयान थ्री , गौतम यादव ,कुनाल गढेवाल टेबल फैन , थावेश ठेठवार सोलर सिस्टम, क्लास सेवन के दिपांशी यादव, नाफिया बानो , इसीता यादव, श्रृष्टि कोसले सोलर सिस्टम , क्लास ऐट के प्रतीक देवांगन, हर्ष निराला , जान्हवी प्रधान, भावना यादव वाइन्ड मिल , कासिफ खान इलेक्ट्रिक लिफ्ट का आकर्षक मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया ।

## संक्षिप्त समाचार

### चलित मोबाईल मेडिकल यूनिट मे स्वच्छता दीदीयो का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**नवागढ-समय दर्शन** // माननीय नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री (छ.ग. शासन) के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के अनुसार पूरे राज्य में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है उसी अनुसार नवागढ़ नगर पंचायत के अंतर्गत निकाय में एपीएम अमित गौरहा के निर्देशानुसार कार्यरत समस्त सफाई दीदियों का मुख्यमंत्री शहरी स्लाम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत चलित मोबाईल मेडिकल यूनिट स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा टिटनेस इंजेक्शन लगाया गया एपीएम अमित गौरहा ने बताया की एवं आवश्यकता अनुसार दवाई दिया अपने नवागढ़ निकाय में विगत माह दिसंबर में 238 महिला,269 पुरुष एवं 45 बच्चों ऐसे कुल मिला कर 543 का जांच हुआ एवं 74 लैब टेस्ट किया गया। इस अवसर पर एपीएम अमित गौरहा, डॉ मोनिया जायसवाल, सीएमओ विष्णु यादव, एलटी कोमल कश्यप, फार्मासिस्ट नवीन पवार, वाहन चालक मनोज वैष्णव मोबाइल मेडिकल यूनिट के कर्मचारी मौजूद थे।

### शासकीय नागरिक कल्याण महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की बैठक संपन्न



**होमन सिंह ठाकुर समय दर्शन नंदिनी अहिवारा।** शासकीय नागरिक कल्याण महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष व भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य अभिषेक सिंह महाविद्यालय की प्राचार्य सीमा गुप्ता नायाब तहसीलदार कुंदन शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष व सदस्य ईश्वर शर्मा विधायक प्रतिनिधि मोहन साहू सदस्य शान मोहम्मद धनंजय सिंह अंशुल कुमार व महाविद्यालय से समिति के सदस्य उपस्थित रहे । बैठक में प्रयोगशाला सामग्री क्रय बैडमिंटन कोर्ट निर्माण एवं शिक्षण के अन्य विषयों पर चर्चा हुई ।मेन रोड से महाविद्यालय पहुँच मार्ग के लिए एक करोड़ पंद्रह लाख की लागत से सड़क निर्माण एवं बाउंड्री वाल निर्माण हेतु पच्चीस लाख रूपये स्वीकृति हेतु विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा जी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### वी ऐप : आपका वन-स्टॉप डेस्टिनेशन, एक ही ऐप पर पाएं मनोरंजन, खरीददारी और अन्य सुविधाओं के फायदे

**रायपुर।** आज की व्यस्त दुनिया में कनेक्टिविटी की ज़रूरत तेज़ी से बढ़ रही है, लोग चाहते हैं कि ज़रूरी सुविधाएं उन्हें जल्द से जल्द मिल सकें, और वे किफ़ायती दाम पर मनोरंजन का लुत्फ़ उठा सकें। वी की ओर से वन-स्टॉप डेस्टिनेशन वी ऐप ने आपकी इन सभी ज़रूरतों को आसान बना दिया है। यह एक ऐप से कहीं बढ़कर है- यह आपको पेमेंट, एंटरटेनमेन्ट और ई-कॉमर्स की सुविधाएं देता है, साथ ही आपके वी अकाउन्ट को मैनेज करने में भी मदद करता है। यही कारण है कि आज वी ऐप लाखों उपभोक्ताओं के रोज़मर्रा के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

**कम स्पीड पर भी आसानी से करें रीचार्ज**- ज़रूरत के समय डेटा खत्म होना कई बार तनाव का कारण बन जाता है। लेकिन वी ऐप के साथ 'अनलिमिटेड डेली डेटा पैक' का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ता डेटा कोटा खत्म हो जाने के बाद भी रीचार्ज कर सकते हैं, चाहे स्पीड 64 केबीपीएस से भी कम हो। इस फीचर के चलते आपको रीचार्ज करने के लिए किसी से वाय-फाय या हॉटस्पॉट उधार नहीं लेना पड़ेगा। यहां तक कि कम स्पीड पर भी ऐप का एमरजेन्सी एक्सेस सुनिश्चित करता है कि आप बिना किसी परेशानी के रीचार्ज कर सकें, पेमेंट कर सकें, या ज़रूरी मदद पा सकें।

**रीचार्ज के एक्सक्लुज़िव ऑफर्स**- वी के उपभोक्ताओं को हमेशा वी ऐप पर कुछ बेहतर ही मिलता है! रु 579 और रु 859 के पैक पर एक्स्ट्रा डेटा हो या रु 795 पर एक्स्ट्रा वैलिडिटी या अन्य रीचार्ज पर फ्लैट डिस्काउन्ट! इसके अलावा वी ऐप पर कोई भी रीचार्ज करने पर आपको कोई कन्वीनिएन्स शुल्क नहीं देना पड़ता। इतना हीं नहीं, सालाना पैक के साथ रीचार्ज करने वाले वी के यूज़र रु 100 तक का एक्सक्लुज़िव डिस्काउन्ट और 50 जीबी एक्स्ट्रा डेटा पा सकते हैं!

# पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह स्वयं उतरे सड़कों पर, रात्रि गश्त से जनता में विश्वास, अपराधियों में खौफ बढ़ा

### राजमहल चौक पर ड्यूटी में तैनात सतर्क पुलिसकर्मियों को दिया नगद इनाम।

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और जनता के बीच सुरक्षा का भरोसा बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने 9 व 10 जनवरी की रात शहर में पुलिस टीम के साथ रात्रि गश्त किया। उन्होंने अपनी टीम के साथ शहर के प्रमुख स्थानों का भ्रमण किया और पुलिस की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ ही बेवजह घूमने वालों को रात में न घूमने की सख्त हिदायत दी।

गश्त की शुरुआत सिग्नल चौक, कवर्धा से हुई। पुलिस अधीक्षक ने यहां से बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों में 'पैदल गश्त' की, जिससे जनता में पुलिस की सक्रिय उपस्थिति का स्पष्ट संदेश गया। उन्होंने बाजारों, सार्वजनिक स्थलों और संवेदनशील स्थानों का पैदल भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने पूरे शहर के अन्य इलाकों का दौरा किया और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी। इस दौरान डीएसपी कवर्धा कृष्ण कुमार चंद्राकर, थाना



कोतवाली प्रभारी लालजी सिन्हा, यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो, थाना पिपरिया प्रभारी कमलकांत शुक्ला, भोरमदेव प्रभारी अरविंद साहू और अन्य पुलिस कर्मी भी गश्त में शामिल रहे।

इस दौरान पुलिस टीम ने संवेदनशील क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाए। राजमहल चौक पर ड्यूटी में तैनात पुलिस जवानों की सतर्कता और मुस्तैदी से प्रभावित होकर पुलिस अधीक्षक ने उनकी सराहना की और नगद इनाम देने की घोषणा की।

यह गश्त अभियान न केवल पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुआ है, बल्कि जनता में सुरक्षा का भरोसा भी मजबूत हुआ है। देर रात तक पुलिस की उपस्थिति ने असामाजिक तत्वों को हतोत्साहित किया और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई का संदेश दिया।

पुलिस की यह सक्रियता समाज में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ नागरिकों के सहयोग से अपराध मुक्त वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें**- पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विजिबल पुलिसिंग अपराधियों पर दबाव बनाने और जनता में सुरक्षा का माहौल स्थापित करने का एक प्रभावी तरीका है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि यह अभियान नियमित रूप से जारी रहे, ताकि असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने जनता से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

## खबर-खास

### सुलभ शौचालय का हुआ रंग रोंगन तथा पीएम आवास लाभाविंत हितग्राही मेरे स्वाभिमान एवं आत्म सम्मान में वृद्धि



**कवर्धा (समय दर्शन)।** उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री अरूण साव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन अनुरूप स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत नगर पंचायत पिपरिया के वार्ड क्रं.15 में संचालित सामुदायिक शौचालय का मरम्मत एवं रंग रोगन कराया गया। जिससे नगरवासी स्वच्छता का संदेश के साथ लाभांवित हो रहे हैं। भविष्य में भी पिपरिया नगर को विकसित करने की मांग लोगों ने की है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) योजना से लाभांवित हितग्राही वार्ड क्रं. 03 रामजानकी वार्ड पिपरिया की निवासी सुश्री निर्मला यादव पिता समय लाल यादव ने बताया कि वह अपनी वृद्ध मां के साथ रहती है। बचपन से अंधेपन के कारण जिंदगी की जंग से जुझ रही है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने के कारण आज प्रधानमंत्री योजना (शहरी) का लाभ मिला है। श्रीमती यादव ने अपनी आप बीती बताई कि वह अंधी होने के बावजूद अपनी माँ के साथ घर-घर जाकर बर्तन धोने का काम करते हुए अपना जीवनयापन कर रही है। वे मूलतः पिपरिया निवासी है। उनका पैतृक मकान कच्चा था गरीब परिवार होने कारण उनके पास पैसा नहीं था। इस कारण स्वयं का अपना पक्का मकान नहीं बनवा पा रही थी। वार्ड पार्षद के सहयोग से मुझे जानकारी मिली कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के माध्यम से सरकार मकान बनाने में सहायता दे रही है। तब मैने नगर पंचायत कार्यालय पिपरिया में प्रधामंत्री आवास योजना का लाभ लेने फार्म भर कर जमा किया। इसके बाद मुझे आवास योजना का लाभ मिला है। मैं प्रधानमंत्री, छत्तीसगढ़ सरकार के अलावा नगर पंचायत पिपरिया के आवास योजना की टीम तथा वार्ड पार्षद की आभारी हूं, जिसने मुझ जैसी गरीब, नेत्रहीन व्यक्ति को आशियाना की रोशनी देकर मेरे जीवन को प्रकाशित किया। मैं फिर एक बार सभी का दिल से आभार वक्त करती हूं।

# एचएमपीवी वायरस के देश में 8 केस मिलने के बाद जिला अस्पताल अलर्ट



### बच्चों और बुजुर्गों पर ज्यादा खतरा, कोविड जैसी सावधानियां जरूरी

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** चीन में फैले ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के भारत में 8 मामलों की पुष्टि के बाद जिला अस्पताल सतर्क हो गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिले में मौसमी बीमारियों के प्रभावी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य अमले को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए है। जिला चिकित्सा अधिकारियों ने कहा है कि लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। कोविड के दौरान अपनाई गई सावधानियां जैसे मास्क पहनना, सोशल डिस्टेंसिंग और बार-बार हाथ धोने का पालन फिर से रोज करने का आग्रह किया है।

सीएमएचओ डॉ. बी.एल. राज ने बताया कि एचएमपीवी बच्चों और बुजुर्गों पर ज्यादा असर डालता है। 5 साल से कम उम्र के बच्चों, 65 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों, कमजोर इम्यूनिटी वाले और अस्थमा जैसी बीमारियों से ग्रस्त व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है। डॉ. राज ने बताया कि वायरस मुख्य रूप से खांसने, छींकने से निकलने वाले ड्रॉपलेट्स या संक्रमित सतहों को छूने के बाद नाक, मुंह या आंखों को छूने से फैलता है। इसके लक्षण कोरोना वायरस जैसे हैं, जिसमें सांस लेने में कठिनाई, बुखार और खांसी शामिल हैं। संक्रमण के लक्षण दिखने पर तुरंत उपचार कराने की सलाह दी गई है।

**स्वास्थ्य विभाग ने दिए निर्देश**- स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों को सतर्क रहने और पैरासीटामॉल व एंटीबायोटिक जैसी आवश्यक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचने और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया गया है।

# कलेक्टर श्री वर्मा ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और परीक्षा तैयारी के दिए निर्देश



### शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

### वन नेशन-वन स्टूडेंट अपार आईडी और परीक्षा पे चर्चा पर विशेष जोर

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** जिले के सभी हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य की आवश्यक बैठक स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल, दुर्गावती चौक, कवर्धा में कलेक्टर गोपाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग के तहत संचालित योजनाओं और शैक्षिक गुणवत्ता सुधार पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने वन नेशन-वन स्टूडेंट अपार आईडी क्रिएशन प्रगति, परीक्षा पे चर्चा 2025 पंजीयन, तंबाकू मुक्त विद्यालय अभियान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि शैक्षिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए उपचारात्मक शिक्षा पर विशेष जोर दिया जाए। प्रतिदिन 3-3 अध्यायों के टेस्ट और विगत वर्षों के प्रश्नपत्र हल कराने की प्रक्रिया अपनाई जाए। साथ ही, प्रतिभाशाली छात्रों को बेहतर तैयारी के लिए समुचित समर्थन प्रदान किया जाए, ताकि राज्य के टॉप टेन में अधिक से अधिक छात्रों का नाम शामिल हो सके। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने और जेईई व नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को पूर्व वर्ष के प्रश्नपत्रों का अभ्यास कराने पर जोर दिया।

**महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन**- जिला शिक्षा अधिकारी वाई.डी. साहू और सहायक संचालकों ने समय सीमा में पाठ्यक्रम पूर्णता, अर्धवार्षिक परीक्षा 2024-25 और प्री-बोर्ड परीक्षा की समीक्षा की। साथ ही, छात्रवृत्ति पोर्टल की अद्यतन स्थिति, आरटीई के तहत स्कूलों के पंजीयन और अन्य विभागीय मुद्दों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री साहू, सहायक संचालकएम.के. गुप्ता, यू.आर. चंद्राकर, जिला मिशन समन्वयक नकुल पनागर, बीईओ भानु चंद्राकर, संजय जायसवाल, बीआरसी राजेंद्र सोनी और जिले के सभी शासकीय विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

# ट्रक चालकों की जांच



**गरियाबंद।** जिले में यातायात सड़क सुरक्षा माह के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार लगातार एन एच 130 सी पर धान परिवहन कर रहे ट्रक चालकों का ब्रिथएन लाइजर मशीन से शराब सेवन का मौके पर ही चेकिंग किया जा रहा है ताकि रोड में कहीं एक्सिडेंट जैसे अनहोनी घटना न घटे।इसी कड़ी में एक ट्रक क्रमांक सीजी 04 ।।ए 4759 का चालक शराब सेवन करते पाए जाने पर मान न्यायालय पेश किया गया जहां दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

## सैमसंग 22 जनवरी को मोबाइल एआई के क्षेत्र में लाएगा नई क्रांति

**नईदिल्ली।** एआई अनुभव को और भी आसान और स्मार्ट बनाने के लिए तैयार हो जाइए! गैलेक्सी एआई का नया वर्जन जल्द ही आपके मोबाइल के रोजमर्रा के इस्तेमाल को और बेहतर बनाएगा। नई गैलेक्सी एस सीरीज आपके एआई अनुभव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स 22 जनवरी को सैन जोस में अनपैक्ड इवेंट आयोजित करेगा, जिसमें मोबाइल एआई के नए युग की शुरुआत होगी। इस इवेंट में प्रीमियम गैलेक्सी इनोवेशंस पेश किए जाएंगे, जो आपकी जिंदगी को पहले से भी ज्यादा सुविधाजनक बना देंगे। इस इवेंट को Samsung.com/in सैमसंग न्यूजरूम इंडिया और सैमसंग के यूट्यूब चैनल पर भारतीय मानक समय (आईएसटी) के अनुसार, सुबह 11:30 बजे से लाइव स्ट्री म किया जायेगा।


## नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता पी पूजा पिता- पी मोहन राव, उम्र 27 वर्ष, पता 8 ए. स्ट्रीट 13, सेक्टर 7, सिविक सेंटर भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) में निवासरत हूं, मेरे नाम से जारी आधार कार्ड , वोटर आईडी कार्ड एवं पैन कार्ड में मेरा नाम पी पूजा (P POOJA) दर्ज है।

वर्तमान में मेरे द्वारा अपना पुराना नाम पी पूजा (P POOJA) को बदलकर अपना नया नाम पुलकाला पूजा (PULAKALA POOJA) रखना चाहती हूं।

मेरे द्वारा अपने सभी अर्धशासकीय तथा शासकीय दस्तावेजों में अपना नाम पी पूजा (P POOJA) से बदलकर अपना नया नाम पुलकाला पूजा (PULAKALA POOJA) करवाना चाहती हूं ।

मेरे समस्त दस्तावेजों में तथा शासकीय एवं अशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम पी पूजा (P POOJA) से बदलकर मेरा नया नाम पुलकाला पूजा (PULAKALA POOJA) करने तथा पढ़ा एवं समझे जाने के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

## नाम परिवर्तन

मैं लल्ली देवी कुम्हार (LALLI DEVI KUMHAR) उम्र 24 वर्ष पिता बलुआ कुम्हार (BALUA KUMHAR) निवासी मकान क्रमांक 88-2, खुरसुल बोरई दुर्ग तहसील एवं जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ मेरे आधार कार्ड क्रमांक- 912742475414 में मेरा नाम दीपू (ष्ठश्वश्वक्क) तथा पिता बल्लू (Ballu) दर्ज है।

मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में एवं स्कूल रिकॉर्ड में मेरा नाम लल्ली देवी कुम्हार (LALLI DEVI KUMHAR) तथा पिताजी का नाम बलुआ कुम्हार (BALUA KUMHAR) दर्ज है।

मेरे आधार कार्ड में दर्ज मेरा नाम दीपू (DEEPU) पिता बल्लू (Ballu) तथा मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजो में एवं स्कूल के रिकॉर्ड में दर्ज नाम लल्ली देवी कुम्हार (LALLI DEVI KUMHAR) पिता बलुआ कुम्हार (BALUA KUMHAR) यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात मेरे नाम है।

मेरे द्वारा अपने आधार कार्ड तथा अन्य दस्तावेजों में अपना नाम दीपू (DEEPU) पिता बल्लू (Ballu) से बदलकर अपना नाम लल्ली देवी कुम्हार (LALLI DEVI KUMHAR) पिता बलुआ कुम्हार (BALUA KUMHAR) दर्ज करने तथा पढ़ा एवं समझे जाने के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**


# छत्तीसगढ़ सरकार की शानदार पहल : मोबाइल मेडिकल यूनिट से अब तक एक लाख 84 हजार 582 लोगों का हुआ नि:शुल्क इलाज

### सफाई मित्र व स्वच्छता दीदी का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, कवर्धा**

कवर्धा। नगरीय प्रशासन और विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत नगर पालिका कवर्धा क्षेत्र में रहने वाले लोगों का नि:शुल्क इलाज किया जा रहा है। प्रतिदिन अपने निर्धारित स्थान पर सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक दो पालियों में मोबाइल मेडिकल यूनिट पहुंचकर अपनी सेवा दे रहे है। छत्तीसगढ़ सरकार की पहल पर झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले गरीब परिवारों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की पहल की गई है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत अब तक कुल 1 लाख 84 हजार 582 लोगों का इलाज मेडिकल टीमों द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट में किया जा चुका है।

इस योजना के तहत डॉक्टर्स, पैरामेडिकल टीमों, चिकित्सा उपकरणों और दवाओं से लैस 3 मोबाइल मेडिकल यूनिट पूरे जिले के शहरी क्षेत्रों में झुग्गी समुदायों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रही हैं। इस योजना के माध्यम से अब तक 1 लाख 84 हजार 582



रोगियों का इलाज किया गया, वहीं 1 लाख 79 हजार 830 मरीजों को नि:शुल्क दवा बांटी गई है। मोबाइल मेडिकल यूनिट में पैथोलॉजी जांच भी किया जाता है।

शहरी क्षेत्र में शिविर होने के कारण अधिक से अधिक लोगों ने नि:शुल्क इलाज और जांच का लाभ उठाया। नगरीय प्रशासन और विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का नि:शुल्क चिकित्सा जांच और दवाई के माध्यम से उपचार किया जा चुका है। मुख्यमंत्री व विभागीय मंत्री द्वारा नगरीय क्षेत्रों की झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों और अन्य जरूरतमंदों को पूरी जांच कर नि:शुल्क दवा उपलब्ध कराए जाने निर्देशित किया गया है।

**मोबाइल यूनिट में 41 जांच व 170 प्रकार की दवाइयां उपलब्ध**- मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट से निकाय में कार्यरत स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण कैंप लगाया जाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मोबाइल मेडिकल यूनिट में 41 प्रकार की खून व अन्य जांच की जाती है। इसके साथ 170 प्रकार की दवाइयां उपलब्ध है। जिसे डॉक्टर द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के बाद नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाता है। इस दौरान एमएमयू-03 के एपीएम, डॉक्टर, एएनएम, टेक्नीशियन, फर्मेसिस्ट, मौजूद रहे। स्वास्थ्य कैम्प में स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों का थाइरोइड टेस्ट, कैल्सियम टेस्ट, सीबीसी, हिमोग्लोबीन, सुगर, विटामिन डी-3 एवं बी-12 का लैब टेस्ट एवं दवाई वितरण किया गया।

## संक्षिप्त-खबर

### ग्राम छिर्रालेवा मे संकुल स्तरीय दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता





**बसना ( समय दर्शन )।** बसना विकासखण्ड के सीमान्त क्षेत्र में बसा ग्राम छिर्रालेवा में संकुल स्तरीय दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन गुरूवार व शुक्रवार को रखा गया । जहाँ छात्र छात्राओं ने कब्बड्डी ,खो-खो एवं विभिन्न खेलों के आयोजन मे हिस्सा लिया। क्रिडा प्रतियोगिता के दौरान पधारें सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नोविना अमृत जगत ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि, खेल आयोजन से छात्र छात्रों का मनोबल एवं शारीरिक विकास होता है । इस अवसर पर प्रथम दिवस मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार पटेल ग्रामिण कृषि समिति बिछिया, अध्यक्षता पुर्णानंद मिश्रा विकास खण्ड समन्वयक बसना,विशिष्ट अतिथि मनोहर दीवान संकुल प्राचार्य बिछिया,प्रेमानंद भोई प्राचार्य हाईस्कूल दुलारपाली, द्वितीय दिवस मुख्य अतिथि नोविना अमृत लाल जगत , अध्यक्षता जे आर डहरिया विकास खण्ड अधिकारी बसना, विशिष्ट अतिथि कालिंदी मुन्ना अग्रवाल सरपंच सागरपाली , मेघनाथ पटेल सरपंच मेढ़ापाली,पवन सिदार शाला प्रबंधन समिति रहे एवं संकुल समन्वयक सुरेश साहू, अमित चौरसिया,शंखलाल जगत, विरेन्द्र नर्मदा,नारद राम ध्रुव,,विलास पटेल अहिल्या नायक,द्रुपद पटेल, अहिल्या नायक,पदमलोचन पटेल, लोकेन्द्र नायक, डा सुकमोती चौहान, नेहरू लाल भोई , फाल्गुनी पटेल,चुडामणी भोई, गोपिका पटेल, मीना चौधरी, यमुना चौधरी,गोपिका पटेल,मीना चौधरी, यमुना चौधरी,संगीता खुटे, विनिता भोई आदि इस आयोजन में अपनी उपस्थिति दी।

### मुख्यमन्त्री स्लम स्वास्थ्य योजना से लाभान्वित हो रहे है हितग्राही, अब तक पाटन नगर के 15 वार्डो में 600 स्वास्थ्य कैम्प लगाया गया, 40 हजार से अधिक हुए लाभान्वित



**पाटन।** मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना का लाभ हितग्राहियों को मिल रहा है। नगर पंचायत पाटन के विभिन्न वार्डों में निर्धारित तिथि पर मोबाइल मेडिकल यूनिट की गाड़ी पहुंचती है। जिससे कि मरीज के उनके निवास के पास ही स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है। इससे मरीजों को अपने स्वास्थ्य का चेकअप कराने के लिए ज्यादा दूर जाना भी नहीं पड़ता बता दे की स्वास्थ्य विभाग एवं नगरी प्रशासन विभाग के समन्वय से यह कार्य हो रहा है । नगर पंचायत पाटन के 15 वार्डों में लगातार स्लम स्वास्थ्य योजना की मोबाइल यूनिट वार्ड में पहुंच रही है ।अब तक के 6 साल से अधिक कैंप लगाए जा चुके हैं ।जिसमें 40000 से अधिक हितग्राहियों को इस योजना के तहत लाभ मिला है। जानकारी के मुताबिक मुख्यमन्त्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत पाटन नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गरत 15 वार्डो में 600 स्वास्थ्य कैम्प आयोजित कर 40 हजार से अधिक मरीजो का इलाज कर 16 हजार मरीजो का लैब टेस्ट 34 हजार मरीजों निःशुल्क दवाई वितरण किया गया । मोबाइल मेडिकल यूनिट में 41 प्रकार का लैब टेस्ट 170 प्रकार की आवश्यक दवाइयां उपलब्ध रहता जिनका लाभ पाटन निकाय नागरिकों के साथ आस पास के ग्रामीण भी के रहे है।

### तीन दिवसीय बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम का भव्य आयोजन ग्राम नगझर में

**सक्ती।** जिले क्षेत्र के ग्राम पंचायत नगझर में 10 जनवरी 2025 से संत शिरोमणि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास की तीन दिवसीय जयंती कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है जिसमें प्रथम दिवस की मुख्य अतिथि चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव होंगे तो वही द्वितीय दिवस पर रामिन तोरेंद्र सोनवाने रहेगें। समापन दिवस के मुख्य अतिथि जांजगीर लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े रहेगें द्य आयोजन समिति के अध्यक्ष शिवसागर मधुकर जी ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी ग्राम नगझर में बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती कार्यक्रम का भव्य आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा जिसमें क्षेत्र के सम्मानीय जनों को सादर आमंत्रित किया गया है। साथ ही क्षेत्र के सभी श्रद्धालु व गायन वादन करने वाले कलाकारों को भी सादर आमंत्रित किया गया है जयंती आयोजन में गायन वादन करने वाले सभी कलाकारों को विशेष पुरस्कार से भी सम्मानित किया जाएगा।

# बसना नगर पंचायत अध्यक्ष पद सामान्य महिला आरक्षण की घोषणा होते ही दावेदार सक्रिय

- नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए सोनिया सुमित अग्रवाल की दावेदारी सबसे मजबूत , वहीं पूर्व नगर अध्यक्ष परमजीत कौर, पार्षद विनीता पवन अग्रवाल का नाम आ रहा सामने







**बसना ( समय दर्शन )।** बसना नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया के बाद सामान्य महिला वर्ग घोषित होते ही अब प्रत्याशी कौन- को लेकर कयासों का बाजार गर्म हैं। शहर के हर पान ठेले, चाय दुकान, गली मोहल्लों के नुक्कड़ पर एक ही चर्चा है, अगला नगर पंचायत अध्यक्ष होगा कौन...

कांग्रेस से श्रीमती परवीन तनवीर ख्वाजा का नाम सामने आ रहा है ।शहर की राजनीति में मजबूत दावेदार के रूप में सामने दिखाई दे रहे हैं। नगर पंचायत बसना वार्ड नंबर 15 के पार्षद तनवीर सईद का कार्यकाल बहुत अच्छा रहा है ।इधर भाजपा से सबसे मजबूत दावेदार के रूप में भाजपा से सोनिया सुमित अग्रवाल का नाम नये चेहरे के रूप में सामने आया है। श्रीमती सोनिया सुमित अग्रवाल 2013 ,2018 विधानसभा चुनाव से लगातार सक्रिय होकर भाजपा के लिए कार्य कर रही हैं। नगर पंचायत चुनाव के अलावा विगत वर्ष 2023विधानसभा चुनाव में भी डोर टू डोर दौरा भाजपा प्रत्याशी को चुनाव जिताने में भी इनकी भूमिका अग्रणी रही है। सोनिया सुमित अग्रवाल को भाजपा टिकट देती है तो जीत का सेहरा भाजपा की झोली में जाने से इंकार नहीं किया जा सकता। वहीं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष परमजीत कौर 2010 से 2015 तक नगर पंचायत बसना की अध्यक्ष रही हैं। बसना ग्राम पंचायत में 1997-98 में सरपंच भी रही हैं। भाजपा महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पद के दायित्व का निर्वहन भी कर चुकी है। नगर पंचायत के कामकाज का अच्छा खासा अनुभव भी परमजीत कौर के पास है। श्रीमती विनीता पवन अग्रवाल का नाम भी प्रमुख दावेदारों में शुमार है। वर्तमान में नगर पंचायत वार्ड नंबर 12 की पार्षद रही विनीता अग्रवाल मुखर होकर वार्ड की समस्यायों को लेकर अपनी आवाज हमेशा बुलंद की हैं। समाज सेवा में लगातार सक्रिय,विधानसभा चुनाव में इनकी भूमिका एक समर्पित कार्यकर्ता की रही है। टिकट, पार्टी शीर्ष नेतृत्व के ऊपर निर्भर करेगा कि किसे अपना प्रत्याशी बनायेगी।


# खेल प्रतियोगिताओ में ग्रामीण खिलाड़ियो की ज्यादा भागीदारी- स्वप्निल तिवारी



**पिथौरा ( समय दर्शन )।** पिथौरा क्षेत्र के यू स्टार क्रिकेट क्लब खैरखुटा द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी के मुख्य आतिथ्य एवं विशेष अतिथि युवा मोर्चा अध्यक्ष विजयराज पटेल, थबीर साहू सरपंच प्रतिनिधि, जुगल किशोर प्रधान ने फीता काट पूजन अर्चन कर खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वप्निल तिवारी ने आयोजन समिति को खेल आयोजन के लिये बधाई देते हुए कहा कि, ग्रामीण खेल प्रतिभाओ को आगे लाने में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज अधिकतर खेलों में ग्रामीण खिलाड़ियो की भागीदारी जायदा होती है, जिसका मुख्य कारण इस प्रकार के खेल खिलाडी भावना को प्रेरित करने वाले आयोजन ही है। हम सबको भी प्रयास करना चाहिए की प्रतिदिन कुछ समय खेल के लिए निकालकर स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहे । विशेष अतिथि विधायक प्रतिनिधि विजयराज पटेल ने कहा कि, स्वस्थ्य जीवन के लिए दिनचर्या में खेल का होना अतिआवश्यक है। खिलाड़ियो को वरिष्ठ नागरिक थबीर साहू एवं सरपंच प्रतिनिधि जुगल किशोर प्रधान ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के डिगेश प्रधान ने किया ।इस अवसर पर मुख्य रूप से मितेश प्रधान, तरुण पटेल ,बोधराम पटेल, प्रेमराजन प्रधान, मायाधर पटेल, डिग्री लाल सिदार, राजेश साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

# राजिम जयंती समारोह में प्रेमचन्द साव 'प्रेम' के लिखे दो पुस्तक करमा चालीसा व दोहा संग्रह का विमोचन

- यह विमोचन साहू समाज के जनप्रतिनिधियों, प्रमुखों व हजारों लोगों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ
- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अनेक नेता, मंत्री तथा वर्तमान व पूर्व विधायक गण मौजूद रहे





**बसना ( समय दर्शन )।** राजिम महोत्सव स्थल त्रिवेणी संगम राजिम जिला गरियाबंद में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ रायपुर द्वारा आयोजित राजिम जयंती समारोह में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरेकेल, बसना के शिक्षक व युवा साहित्यकार प्रेमचन्द साव द्वारा छत्तीसगढ़ी में लिखित भक्तिन दाई करमा माता चालीसा एवं दोहा संग्रह प्रेम के वचन पुस्तक का विमोचन छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रमुख आतिथ्य,छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू की अध्यक्षता, कसडोल विधायक एवं पूर्व अध्यक्ष तेलघानी विकास बोर्ड व राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष अखिल भारतीय तैलीक मंच संदीप साहू,धमतरी विधायक ओंकार साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, भाटापारा विधायक इंद्र साव, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव,पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, पूर्व संसदीय सचिव सुश्री शंकुतला साहू,पूर्व प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष विपीन साहू,पूर्व मंत्री रमशीला साहू,राजिम के विधायक रोहित साहू,रायपुर ग्रामीण विधायक व पूर्व प्रदेशाध्यक्ष साहू संघ मोतीलाल साहू, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू के अतिविशिष्ट आतिथ्य,महासमुन्द के पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू,चंदूलाल साहू, बिलासपुर के पूर्व सांसद लखनलाल साहू,साजा विधायक ईश्वर साहू,बेमेतरा विधायक दीपेश साहू,हस्त शिल्प बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू,महंत गोवर्धन शरण महाराज,पूर्व मंत्री कृपाराम साहू,चंद्रशेखर साहू व जागेश्वर साहू,पूर्व विधायक दयाराम साहू,अशोक साहू,प्रीतम साहू,डॉ.सियाराम साहू,चुन्नी लाल साहू, श्रीमती रंजना साहू,वीरेंद्र साहू,डॉ. खिलावन साहू,नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा जितेन्द्र सोनकर के विशिष्ट आतिथ्य में, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू,श्रीमती मोहन कुमारी साहू के उपस्थिति में विमोचन किया गया।

शिक्षक व युवा कवि प्रेमचन्द साव द्वारा भक्तिन दाई करमा चालीसा में कर्मा चालीसा,कर्मा माता की स्तुति, कर्माष्टक,दानवीर भामाशाह,राजिम माता, कर्मा माता स्तुति,कृष्ण भजन,पालक वंदना आदि का बहुत सुंदर व उत्कृष्ट सृजन किया गया है ।इसी तरह से द्वितीय सृजन दोहा संग्रह 'प्रेम के वचन' में आध्यात्मिक, प्रेरणादायक,नैतिक आदि विषयों पर बहुत ही उत्कृष्ट सृजन किया गया है। प्रेम के वचन पुस्तक प्रकाशन हेतु केंद्रीय राज्य मंत्री नगर व शहरी आवास तोखन साहू, बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल, सरायपाली विधायक श्रीमती चातुरी नंद, डॉ दीनदयाल साहू आदि ने उत्कृष्ट सृजन हेतु बधाई प्रेषित किए हैं ।पुस्तक विमोचन होने पर तहसील साहू संघ बसना के संरक्षक जन्मजय साव,तहसील साहू संघ पूर्व उपाध्यक्ष, साहू समाज के कर्मठ सदस्य माधव साव,बंसुला परिक्षेत्र के अध्यक्ष चंद्रमणी साव,राजिम भक्तिन माता मंदिर समिति के संगठन मंत्री नवीन कुमार साव, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के संयुक्त सचिव कृष्णा साहू,तहसील पदाधिकारी हरिराम साव,बसना शहर अध्यक्ष अशोक साव,अर्जुन साव,बंसुला परिक्षेत्र के सचिव श्रवण साव, साहू समाज के योगेश साव, हेमप्रकाश साव,नंदकिशन साव,बेद कुमार साव,मनोज कुमार साव,साहेब लाल, महेन्द्र साहू,अर्नव साव,प्रीति साव,कैलाश साहू,छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष भागवत साहू,चंदखुरी ग्रामीण अध्यक्ष जोध्या प्रसाद साव,जगत राम साव,हीराधर साव, गौरीशंकर साव,राजिम माता मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू,प्रदेश साहू संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू,भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला महासमुन्द के उपाध्यक्ष आनंद साहू,घनश्याम साहू, कैलाश साव,नोहर दास आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना किए हैं।

### रास्ता मांगने को लेकर हुई विवाद , 70 वर्षीय बुजुर्ग के साथ गाली गलौच कर जान से मारने की दी धमकी, दिवाल को भी तोड़ दिया, उतई थाना में मामला दर्ज



**पाटन।** उतई थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़पार में रास्ता मांगने को लेकर विवाद हो गया। जिसमें गांव के ही जयराम यादव ने आवेदक हरे राम यादव के साथ गाली गलौच किया। उसके बाद जान से मारने की धमकींदे हुए पास में ही दीवार निर्माणाधीन था उसे धक्का देकर गिरा दिया। इससे आवेदक को काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। इसकी रिपोर्ट उतई थाना में दर्ज कराई गई है जिसके आधार पर आरोपित जयराम के खिलाफविभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मुड़पार के ठाकुर पारा देवांगन खादान के पास रहने वाले हरे राम यादव ने उतई थाना में सूचना दी है कि जब वे घर में तब गांव के ही जयराम यादव उनके घर पहुंचे। रास्ता मांगने के नाम पर विवाद हुआ। जिसके बाद विवाद बढ़ता गया और जयराम ने गाली गलौच किया। इसके बाद 70 वर्षीय बुजुर्ग हरे राम को जान से मारने की धमकी देते हुए पास में ही हरे राम के घर बन रहे निर्माणाधीन बाउंड्रीवाल को धक्का मारकर तोड़ दिया गया। जिसकी सूचना उतई थाना में दी गई है। पुलिस कार्रवाई कर रही हैं ।

### ग्राम कटेल के शासकीय प्राथमिक शाला स्कूली बच्चों ने मनाया छेर छेरा का त्यौहार



**पिथौरा ( समय दर्शन )।** पिथौरा क्षेत्र के ग्राम कटेल के शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों और शिक्षकों के द्वारा बड़े धूम धाम से मनाया गया छेर छेरा का त्यौहार। छत्तीसगढ़ का सबसे महत्वपूर्ण त्यौहारों में एक छेर छेरा का त्यौहार है, जो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में बहुत ज्यादा प्रचलित हैं, और इस त्यौहार को लेकर बच्चों से लेकर नौजवानों और बुर्जुगो में काफी उत्साह रहता है। और इसी कड़ी और उत्साह को देखते हुए महासमुंद जिले के ग्राम कटेल मे स्थित शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल में छेर छेरा त्यौहार के पूर्व स्कूल के बच्चों और शिक्षकों के द्वारा बड़े धूम धाम से मनाया गया। इस त्यौहार में छोटे बच्चे से लेकर नौजवान तथा बुजुर्ग घर-घर छेर छेरा मांगने जाते है। और बदले में उनको धान, पैसा, फल और पारंपरिक मिष्ठान्न दी जाती है,, खासतौर पर यह त्यौहार नई फसल तैयार होने को लेकर मनाया जाता है, और सही मायने में छत्तीसगढ़ मे केवल धान ही प्रमुख फसल है और यहाँ अन्न के रूप मे धान के दान को खास अहमियत दिया जाता है। जिसको पाकर सभी खुश दिखाई देते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में धान की उपज सबसे ज्यादा होती है , छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा भी कहा जाता है।

# भारतीय संविधान केवल एक दस्तावेज़ नहीं है,यह हमारे राष्ट्र की आत्मा है-सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी



**बसना ( समय दर्शन )।** भाजपा द्वारा चलाये जाने वाले संविधान गौरव अभियान के तहत सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी द्वारा 11 से 25 जनवरी तक मनाया जाने वाला संविधान गौरव अभियान एक ऐसा ऐतिहासिक कदम है जो हमारे लोकतंत्र की आधारशिला, हमारे संविधान, और उसमें निहित आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है। यह अभियान भारतीय जनता पार्टी की उस अदम्य सोच और समर्पण का प्रतीक है, जो भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सशक्त और जनभागीदारी से परिपूर्ण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारतीय संविधान सिर्फ़ एक दस्तावेज नहीं है ,बल्कि यह हर भारतीय की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिम्ब है , यह एक ऐसा पवित्र ग्रंथ है, जिसने हमें यह सिखाया कि विविधता में एकता कैसे पाई जाती है। यह वह नींव है, जिस पर भारत की लोकतांत्रिक यात्रा खड़ी हुई है। यह वह रोशनी है, जो हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के पथ पर चलने का मार्ग दिखाती है।

भाजपा के संविधान गौरव अभियान के माध्यम से यह प्रयास किया जा रहा है कि प्रत्येक नागरिक को संविधान की महत्ता समझाई जाए। यह सिर्फ एक राजनीतिक पहल नहीं है,यह हर भारतीय के हृदय में संविधान के प्रति गर्व और उसके आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता को जगाने का एक आंदोलन है। इस अभियान के जरिए भारतीय जनता पार्टी देशवासियों को संविधान के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उनके अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाने का कार्य कर रही है।

हमारा संविधान उन लाखों देशभक्तों के संघर्ष का परिणाम है, जिन्होंने अपनी मेहनत और बलिदान से इसे संभव बनाया। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर और संविधान सभा के अन्य सदस्यों ने जिस अद्भुत सोच और दृष्टिकोण के साथ संविधान का निर्माण किया, वह आज हमारे देश को सही दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखा रहा है। संविधान का सम्मान करना, उसका पालन करना और उसे अपने जीवन में आत्मसात करना हर भारतीय का कर्तव्य है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने संविधान के आदर्शों को न केवल आत्मसात किया है, बल्कि उसे हर भारतीय के जीवन में उतारने का प्रयास किया है। उनके विजन ने यह साबित किया है कि जब संविधान में वर्णित 卐सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास卐 को सही मायने में लागू किया जाए, तो देश किस तरह तरक्की और समृद्धि के नए कीर्तिमान स्थापित कर सकता है। संविधान गौरव अभियान हमें यह भी सिखाता है कि अधिकार और कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। जहां हमारा संविधान हमें अधिकार देता है, वहीं यह हमें अपने देश और समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठ बनने की भी प्रेरणा देता है। यही भावना भारत को एक सशक्त, आत्मनिर्भर और वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनाने की दिशा में आगे बढ़ा रही है।

यह अभियान हर भारतीय के लिए एक मौका है कि वह संविधान के मूल्यों को समझे और अपने जीवन में अपनाए। भाजपा कार्यकर्ता और नेता इस दौरान समाज के सभी वर्गों के बीच जाकर संविधान के प्रति जागरूकता फैलाएंगे। यह सिर्फ एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना जगाने का महान प्रयास है।

आइए, हम सभी मिलकर इस अभियान को एक जनआंदोलन बनाएं। आइए, हम सब संविधान की पवित्रता, इसके आदर्शों और इसके मार्गदर्शन को आत्मसात करें। यह हमारा कर्तव्य भी है और हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी।

संविधान गौरव अभियान केवल एक उत्सव नहीं है,यह हर भारतीय के गर्व का प्रतीक है। यह हमें याद दिलाता है कि हम उस देश के नागरिक हैं, जिसकी लोकतांत्रिक परंपराएं पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। आइए, संविधान को सशक्त करें, भारत को सशक्त करें।

जय हिंद, जय भारत।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ), पिन-491111 से मुद्रित कर 65/1920, परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी, रायपुर ( छ.ग. ) पिन- 492001 से प्रकाशित। संपादक :- दामोदर राव, फोन नं.-0771-4218364, मो. 9303404360, ईमेल- samaydarshanraipur@gmail.com, RNI: CHHHIN/2018/76878, डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/63/2022-24